www.epaper.azadsipahi.in

02 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 42

इस्राइली राष्ट्रपति से मिले प्रधानमंत्री मोदी, द्विराष्ट्र समाधान को लेकर समर्थन पर जोर दिया









## टनल हादसा : रेस्क्यू किये गये श्रमिक रांची लौटे, मुख्यमंत्री से मिले

# मजदूरों को 1.11 करोड़ की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जायेगा : हेमंत

### ● श्रमिकों को दी बधाई और स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्तराखंड के टनल हादसे से रेस्क्यू किये गये झारखंड के 15 श्रमिक शुक्रवार रात रांची पहुंचे। उनके साथ उत्तराखंड गये मजदूरों के परिजन भी थे। सभी ने देर रात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की और उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी मजदूरों को राज्य सरकार की 1.11 करोड़ रुपये की की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जायेगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से कहा कि कहा कि मैं स्वयं आपके रोजगार और आपको मिलने वाले योजनाओं की मॉनिटरिंग करूंगा।

गौरतलब है कि टनल हादसे में झारखंड के 15 श्रमिक सुरंग में फंसे थे। उन्हें देखने के लिए कई श्रमिकों के परिजन भी उत्तराखंड पहुंच गये थे। रेस्क्यू किये गये श्रमिकों और उनके परिजनों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर एयरलिफ्ट कराकर रांची लाया गया। हवाई अड्डे पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य अधिकारियों श्रमिकों का स्वागत किया। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने भी हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। इसके बाद भोक्ता हवाई अड्डे से श्रमिकों को मुख्यमंत्री आवास लेकर आये। जहां उनकी मुलाकात हेमंत सोरेन से हुई। उन्होंने श्रमिकों के साहस, धैर्य और बहादुरी की सराहना की।

**श्रमिकों के साथ है सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए कई योजनाओं को शुरू किया है। जल्द देश के लगभग एक दर्जन राज्यों से एक इकरारनामा करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस इकरारनामा के तहत प्रवासी मजदूरों को हमारी सरकार हरसंभव मदद कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है। विगत कुछ महीनों में ही युवाओं को हुनरमंद बनाकर कई निजी क्षेत्रों में हजारों नौकरियां दी गयी हैं। इसके साथ-साथ सरकार सरकारी नौकरियों के तहत भी नियुक्तियां दे रही है।

**पूरे राज्य के लोग थे चिंतित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब आप श्रमिक भाइयों के टनल हादसे में फंसने की सूचना मिली तब आपके परिजनों के साथ-साथ पूरे राज्यवासियों के लिए भी काफी चिंता और डरावना का समय रहा। हम सभी लोग आपके सकुशल वापसी की प्रार्थना कर रहे थे। राज्य सरकार ने आपके सकुशल घर वापसी के लिए अधिकारियों की टीम को उत्तराखंड भेजा। आप सभी को अधिक से अधिक राहत पहुंचायी जा सके। परिजनों को कोई तकलीफ न हो इसके लिए पदाधिकारी दिन-रात लगे रहे।

**मजदूरों को दी शुभकामनाएं :** हेमंत सोरेन ने कहा कि उत्तराखंड टनल हादसे में फंसे आप सभी श्रमिक सकुशल अपने राज्य एवं घर आ वापस आ गये हैं यह आपके परिवारजनों के साथ-साथ पूरे राज्यवासियों के लिए खुशी की बात है। उन्होंने सभी मजदूरों को अंग वस्त्र और शॉल भेंटकर अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक विनोद सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**(पेज 4 भी देखें)**



उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किये गये झारखंड के 15 श्रमिक और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।

### मजदूरों के ये हैं नाम

**रांची :** ओरमांझी प्रखंड के खीराबेड़ा गांव के मजदूर अनिल बेदिया, राजेंद्र बेदिया और सुकराम बेदिया

**गिरिडीह :** बिरनी के सुबोध वर्मा और विश्वजीत वर्मा

**पश्चिमी सिंहभूम :** चक्रधरपुर प्रखंड के चेलाबेड़ा गांव के महादेव नायक

**खूंटी:** कर्रा प्रखंड के गुमड़ू गांव निवासी विजय होरो, डुमारी गांव निवासी चमरा उरांव एवं मदुगामा गांव निवासी गनपाइत होरो

**पूर्वी सिंहभूम:** डुमरिया प्रखंड के मानिकपुर गांव के रवींद्र नायक, रंजीत लोहार, गुणाधर नायक, बांकीशोल गांव के समीर नायक, कुंडालुका गांव का भुक्तु मुर्मू और डुमरिया गांव के टिंकू सरदार

## बीएसएफ का स्थापना दिवस समारोह

# भारत वामपंथी उग्रवाद से जल्द पूर्णतया मुक्त होगा: अमित शाह



### 16 बटालियन बीएसएफ को 'जनरल चौधरी ट्रॉफी' प्रदान की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जीवनपर्यंत कर्तव्य बीएसएफ का सिर्फ घोषवाक्य नहीं है, बल्कि आज तक 1900 से अधिक सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर इस वाक्य को चरितार्थ भी किया है। देश की सीमाओं की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में बीएसएफ ने जिस तरह से देश की दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की है, उससे पूरा देश सीमा सुरक्षा बल के इन वीर जवानों पर गर्व करता है। शाह ने बीएसएफ के कार्यों का जिक्र करते हुए उनकी सराहना की। गृह मंत्री शुक्रवार को हजारीबाग में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 59वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे।

श्री शाह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया था, एक सीमा पर एक ही सुरक्षा बल की तैनाती। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश की सबसे दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल को मिली, जिसे बीएसएफ ने बखूबी निभाया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले वीर जवान देश के विकास की नींव हैं। प्रधानमंत्री ने सीमा सुरक्षा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मोदी सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में हजारों करोड़ रुपये के बजट के साथ मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की शुरुआत की। पिछले 10 वर्षों में सीमाओं पर लगभग 560 किलोमीटर बाड़ लगा कर घुसपैठ और स्मगलिंग पर लगाम कसने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में पूरी पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा को बाड़ लगा कर सुरक्षित कर लिया जायेगा। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा को लेकर किये गये उपायों का जिक्र किया।

इससे पहले सीमा सुरक्षा बल ने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र और स्कूल मेरु कैंप हजारीबाग में परेड का आयोजन किया। इस अवसर पर सीमा प्रहरियों ने राष्ट्र और इसके आदर्श वाक्य 'जीवनपर्यंत कर्तव्य' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। अमित शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली। इस अवसर पर, सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक, नितिन अग्रवाल ने देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देनेवाले सभी बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बीएसएफ की विभिन्न संरचनाओं और संस्थानों की उपलब्धियों पर भी जोर दिया। मुख्य अतिथि ने बल कर्मियों को वीरता के लिए पदक से सम्मानित किया। खेल और प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए अश्विनी ट्रॉफी फ्रंटियर बीएसएफ जम्मू को प्रदान की गयी। बल की वार्षिक 'बॉर्डरमैन' पत्रिका का भी विमोचन हुआ। परेड के दौरान एमआई-17 वी-5 बेड़े को दर्शानेवाले एयर विंग भी प्रदर्शित किये गये।

मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद जयंत सिन्हा, सुनील कुमार सिंह, विधायक अंबा प्रसाद, जय प्रकाश पटेल समेत बीएसएफ के उच्चाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### मिजोरम में 3 की बजाय 4 दिसंबर को होगी वोटों की गिनती

नयी दिल्ली। मिजोरम में 3 दिसंबर की जगह 4 दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है। इसके लिए पिछले एक हफ्ते से विभिन्न संगठन मांग कर रहे थे। मिजोरम की 40 सीटों पर 30 नवंबर को वोटिंग हुई है। अन्य राज्यों के लिए वोटों की गिनती पहले की तरह 3 दिसंबर को ही होगी।

### बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु के 48 प्राइवेट स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सभी स्कूलों को एक साथ ई-मेल आया, जिसमें दावा किया गया कि स्कूलों के अंदर बम रखे गये हैं। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस ने स्कूलों को खाली कराकर जांच की। बम होने की सूचना अफवाह थी। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

### राहुल का प्लेन नौसेना एयरपोर्ट पर नहीं उतरा

कोच्चि। केरल दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी के शुक्रवार को कोच्चि में दो कार्यक्रम होने थे। एनार्कुलम कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रक्षा मंत्रालय ने नौसेना एयरपोर्ट पर राहुल गांधी के प्लेन को लैंड करने की मंजूरी नहीं दी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शियास ने कहा मंत्रालय ने पहले लैंडिंग की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया। परमिशन नहीं मिलने के बाद कन्नूर से राहुल को ले जा रहे विमान को पास के नेदुंबसेरी में कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया गया। यहां से वह कार्यक्रम में गये।

# सीबीएसइ ने 10वीं-12वीं के रिजल्ट में किया बदलाव

### ओवर ऑल डिविजन, डिक्टिंशन, एग्रीगेट अंक नहीं दिये जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ ने कहा है कि अब 10वीं और 12वीं के नतीजे में कोई डिवीजन या डिक्टिंशन नहीं दिया जायेगा। सीबीएसइ के परीक्षा कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने कहा है कि अब 10वीं और 12वीं के नतीजों में ओवर ऑल डिवीजन, डिक्टिंशन या एग्रीगेट अंक नहीं दिये जायेंगे। अगर किसी ने पांच से अधिक विषय लिया है, तो उसके लिए टॉप-फाइव विषय क्या होंगे, इसका फैसला शैक्षणिक संस्था करेगी, जिसमें छात्र दाखिला लेंगे या फिर उन्हें नौकरी देनेवाले तय करेंगे। भारद्वाज ने कहा है कि बोर्ड ना तो परसेंट की गिनती करेगा, ना ही नतीजे में परसेंट दिये जायेंगे।

# उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त को इडी ने भेजा दूसरा समन

### शराब घोटाले में 4 दिसंबर को होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले मामले में इडी ने उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को दोबारा समन जारी किया है। उन्हें पूछताछ के लिए 4 दिसंबर को बुलाया है। हालांकि इडी ने इसके पहले भी 28 नवंबर को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह इडी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। उनकी तरफ से इडी को बताया गया था कि जिन कागजातों को साथ में लाने के लिए इडी की तरफ से कहा जा रहा है, वह उत्पाद विभाग की संपत्ति है। ऐसे में बिना विभाग की अनुमति के वह कागजात उपलब्ध नहीं करा सकते हैं। कागजातों को इडी के सामने पेश करने के लिए संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह ने विभाग से लिखित तौर पर अनुमति मांगी है, लेकिन विभाग की तरफ से अभी तक उन्हें किसी तरह का कोई जवाब नहीं दिया गया है। इसके बाद इडी ने दूसरा समन भेजा है। इडी के अधिकारियों ने उत्पाद विभाग से पिछले पांच वर्षों का राजस्व का ब्योरा मांगा है।

## पलामू में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

# राज्य का विकास तभी होगा, जब गांव मजबूत होगा : हेमंत सोरेन

### विपक्ष पर साधा निशाना, सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

जयकांत शुक्ला/रामप्रकाश तिवारी

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की आत्मा गांवों में बसती है और किसान गांव की रीढ़ हैं। ऐसे में सरकार किसानों को सशक्त और उनकी आय बढ़ाने के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। किसानों के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार किसानों को सशक्त बना रही है। राज्य का विकास तभी होगा, जब गांव का विकास होगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पलामू में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कई योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। परिसंपत्तियों का वितरण किया। ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य की जनता के द्वारा चलायी जा रही सरकार है। आपने हमें राज्य चलाने का जिम्मा दिया है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम जनता की सेवा करें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह सरकार आपके हर दुःख-सुख में आपके साथ खड़ी है। आपकी जो भी समस्याएं और परेशानियां होंगी, उसे दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे अवश्य पूरा करते हैं। हमने झारखंड को वर्ष 2025 तक आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पशुधन योजना, प्रवासी मजदूरों, नौजवानों के भविष्य, रोजगार, बच्चों की शिक्षा समेत सरकार द्वारा जनहित में शुरू की गयी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।




### डबल इंजन की सरकार में लोगों को हक-अधिकार नहीं मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की डबल इंजन की सरकार में लोगों को हक-अधिकार नहीं मिल पाता था। कभी कोई पदाधिकारी गांव-पंचायत नहीं जाता था। किसी भी वर्ग के लिए काम नहीं होता था। राज्य के लोगों को हमारी सरकार से कई आशाएं हैं। उसी की पूर्ति हेतु मैं काम कर रहा हूं। विपक्ष के विधायक निमंत्रण के बाद भी इन शिविरों में नहीं जा रहे हैं। क्या ये गरीब-गुरबा को मदद नहीं पहुंचा सकते? अगर ऐसा है, तो विपक्ष के साथ न आदिवासी है, न गरीब है, न दलित है, न पिछड़ा है, न किसान, मजदूर, न युवा और ना ही महिला है। उनके साथ सिर्फ पूंजीपतियों का जमावड़ा है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,400 रु./10 ग्राम
चांदी 79,000 रु./प्रति किलो



# पांच राज्यों के एग्जिट पोल ने थोड़ी साफ की 2024 की तस्वीर

## ■ एग्जिट पोल ने फाइनल के दोनों खिलाड़ियों को दे दिया है चेतावनी संकेत

## ■ राजस्थान और मध्यप्रदेश में जीत से भाजपा खेमे में पैदा होगा नया उत्साह

## ■ कांग्रेस को सत्ता में वापस आने के लिए करना पड़ सकता है लंबा इंतजार

**पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव को अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इन पांच राज्यों में मतदान खत्म होने के बाद विभिन्न एजेंसियों द्वारा किये गये एग्जिट पोल के नतीजों में सब कुछ गोलमोल है। कुछ भाजपा, तो कुछ अन्य कांग्रेस को उत्साहति करनेवाले हैं। कुल मिला कर तस्वीर साफ नहीं है। दूसरे शब्दों में कहा जाये तो इस एग्जिट पोल से फाइनल मुकाबले के दोनों प्रमुख खिलाड़ियों के लिए चेतावनी संदेश ही निकलते हैं। हालांकि एग्जिट पोल के नतीजों के अनुरूप यदि भाजपा मध्यप्रदेश और राजस्थान में चुनाव जीतती है, तो यह लोकसभा चुनाव में उसके लिए एनर्जी टॉनिक का काम करेगा। दूसरी तरफ यदि कांग्रेस ने तेलंगाना पर कब्जा जमाया, जैसा कि एग्जिट पोल दावा कर रहे हैं, तो दक्षिण में उसके पैर बेहद मजबूत होंगे, लेकिन फिर भी देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी को सत्ता में वापस आने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि इस तरह के एग्जिट पोल की विश्वसनीयता हमेशा से संदेह के घेरे में रही है, लेकिन इनसे देश के सियासी मिजाज का संकेत तो मिलता ही है। इसलिए पांच राज्यों के एग्जिट पोल के नतीजों से यह निष्कर्ष तो निकाला ही जा सकता है कि 2024 का आम चुनाव बेहद रोमांचक होनेवाला है। क्या हैं राज्यों के एग्जिट पोल के नतीजे और इससे 2024 के लिए क्या संकेत मिलता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



भारत की राजनीति का वर्ल्ड कप यानी कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले का सेमीफाइनल मैच खत्म हो चुका है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव को 2024 का सेमीफाइनल माना जा रहा है और अब इन पांच राज्यों में मतदान भी हो चुका है और मतदान के आधार पर एग्जिट पोल भी सामने आ चुके हैं। देश के लगभग सभी बड़े एग्जिट पोल की मानें, तो पांच में दो राज्यों में भाजपा और दो में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। एक में क्षेत्रीय दल सबसे बड़ी पार्टी की ओर बढ़ती दिख रही है। एग्जिट पोल के मुताबिक तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है, जबकि हिंदी पट्टी के दो बड़े राज्यों, राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की जीत लगभग तय है। मिजोरम में कांग्रेस को फायदा मिलता दिख रहा है।

यहां यह जानना दिलचस्प है कि यदि एग्जिट पोल के अनुरूप ही नतीजे आये, तो कांग्रेस को राजस्थान का नुकसान होगा, जबकि तेलंगाना जीत कर वह दक्षिण में अपनी स्थिति मजबूत करेगी। दूसरी तरफ भाजपा को दो राज्यों में जीत से काफी मजबूती मिलेगी। लेकिन यह जानना भी दिलचस्प है कि अगर ये एग्जिट पोल सही साबित होते हैं, तो 2024 के लोकसभा चुनाव पर क्या असर पड़ सकता है। इसके लिए यह जानना जरूरी है कि पांच राज्यों के एग्जिट पोल में क्या कहा गया है।

### मध्यप्रदेश में कड़ा मुकाबला, पर भाजपा मजबूत

मध्यप्रदेश में 230 सीटों पर चुनाव हुए हैं और बड़ी एजेंसियों के एग्जिट पोल में कहीं भाजपा तो कहीं कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। सी-वोटर के अनुसार कांग्रेस सरकार बनाती दिख रही है। कांग्रेस को 113-137 सीटें, भाजपा को 88-112 और अन्य को 1-6 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं टुडेज चाणक्य के हिसाब से भाजपा को पूर्ण बहुमत मिल सकता है। भाजपा को 139-163 और कांग्रेस 62-86 सीट मिल सकती है। राज्य में आठ एजेंसियों ने एग्जिट पोल किये। इन सभी का औसत निकालने पर पता चलता है कि भाजपा 113 से 128 सीटों के साथ बहुमत का आंकड़ा पार करती दिख रही है, वहीं कांग्रेस 97 से 112 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर दिख रही है। साथ ही अन्य के खाते में एक से छह सीटें जाती दिख रही हैं। यदि साल 2018 के विधानसभा चुनाव परिणाम की बात की जाये, तो उस वक्त 230 विधानसभा सीटों में से भाजपा को 109 सीटें, कांग्रेस को 114 सीटें, बसपा को दो सीटें और अन्य के खाते में पांच सीटें गयी थीं। कांग्रेस ने 114 सीटों के साथ सरकार बनायी थी। हालांकि बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस से अलग होने के बाद सरकार गिर गयी थी और दोबारा शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी थी।

### राजस्थान में भाजपा की वापसी

तमाम एजेंसियों के एग्जिट पोल बता रहे हैं कि राजस्थान में राज बदलने का रिवाज फिर कायम होता दिख रहा है। वहां 1998 के बाद से, यानी 25 सालों में, किसी भी राजनीतिक दल ने सत्ता में वापसी नहीं की है और इस बार भी कांग्रेस सत्ता में वापसी नहीं कर रही है। एग्जिट पोल का औसत निकालने पर भाजपा सरकार बनाती दिख रही है। सात एग्जिट पोल में भाजपा को 97 से 112, कांग्रेस को 76 से 91 और अन्य के खाते में 11 से 16 सीट जाती दिख रही है। अब सवाल है कि इस एग्जिट पोल का मतलब क्या है? अगर ये एग्जिट पोल सही साबित होते हैं, तो इससे साफ हो जायेगा कि कांग्रेस के पायलट और 'जादूगर' की लड़ाई में कांग्रेस की उड़ान क्रैश हो रही है। मतलब सचिन पायलट और अशोक गहलोत की लड़ाई का कांग्रेस को नुकसान हुआ है। यह नुकसान इतना बड़ा रहा कि अशोक गहलोत की सरकारी योजनाओं ने भी पैराशूट का काम नहीं किया। इसके अलावा अगर अन्य की सीटों पर नजर डालें, तो ये गेम चेंजर साबित हो सकते हैं।

एक और बात गौर करने की है कि राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 25 में से 24 सीटों पर जीत हासिल की थी। यह तब हुआ था, जब वहां कांग्रेस ने सरकार बनायी थी। 2018 में 74.06% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। तब कांग्रेस ने 40.64% वोट शेयर के साथ एक सौ सीटों पर कब्जा जमाया था, तो भाजपा के खाते में 73 सीटें आयी थीं और उसका वोट शेयर 39.08% था।छत्तीसगढ़ में भाजपा को फायदा, लेकिन सरकार कांग्रेस की बड़े एग्जिट पोल की मानें, तो छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को सीटों का नुकसान होता दिख रहा है, लेकिन भूपेश बघेल की सरकार को कोई खतरा नहीं है। भाजपा की सीटों में बढ़ोत्तरी हो सकती है। 10 एग्जिट पोल का औसत देखें, तो भाजपा को 30 से 38 और कांग्रेस को 40 से 48 सीटें मिलती दिख रही हैं।

### तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार, बीआरएस को झटका

तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव के एग्जिट पोल चौंकाने वाले हैं। पहली बार तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। सीएम चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस पिछड़ सकती है। वहीं एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को भी फायदा होता दिख रहा है और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम की सीट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं है। सभी एग्जिट पोल ने अनुमान लगाया है कि नौ साल सत्ता में रहने वाली बीआरएस 48 से 58 सीटें ला सकती है, वहीं, कांग्रेस 49 से 56 सीट ला सकती है। एआइएमआइएम को सात सीटें मिल सकती हैं, लेकिन भाजपा को फायदा होता दिख रहा है। पिछले चुनाव में भाजपा को एक सीट मिली थी, जबकि इस बार पांच से सात सीटें मिल सकती हैं। 2018 के तेलंगाना चुनाव में तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब बीआरएस) ने 88 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने 19 सीटें जीती थीं।

### मिजोरम में त्रिशंकु विधानसभा

तमाम एग्जिट पोल के अनुसार मिजोरम में 40 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को बड़ा फायदा होता दिख रहा है। वहां त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान जताया गया है। मिजोरम में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट, जोरम पीपुल्स मूवमेंट और कांग्रेस के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। इस बार कांग्रेस को दो से आठ सीटें मिलती दिख रही है। वहीं एमएनएफ को पांच से 10 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। एमएनएफ को 15 से 21 सीटें मिल सकती हैं। जोरम पीपुल्स मूवमेंट को बड़ा फायदा होता दिख रहा है। वह 12 से 18 सीटें ला सकता है। मतलब सरकार बनाने में कांग्रेस की अहम भूमिका हो सकती है।

### इस एग्जिट पोल का मतलब क्या है

अब बात करते हैं कि इन एग्जिट पोल के मायने क्या हैं। अगर इन पांच राज्यों के एग्जिट पोल को देखा जाये, तो फिलहाल भारत 'कांग्रेस मुक्त' होता नहीं दिख रहा है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में जीत के बाद एक बार फिर कांग्रेस कम से कम दो राज्यों में सरकार बनाती दिख रही है। वहीं भाजपा मध्य प्रदेश में वापसी कर सकती है, साथ ही राजस्थान में मजबूत होती दिख रही है। इसका सीधा मतलब है कि हिंदी पट्टी में भाजपा और पीएम मोदी का जलवा बरकरार है। इसके उलट दक्षिण में कांग्रेस मजबूती के साथ उभर रही है। जिन पांच राज्यों में चुनाव हुए हैं, उनमें कुल 83 लोकसभा सीटें हैं। इनमें से तीन राज्यों को हिंदी पट्टी वाला राज्य माना जाता है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की बात करें, तो इन तीन राज्यों में कुल 65 सीटें हैं। फिलहाल इन 83 में से 65 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। वहीं कांग्रेस के पास छह लोकसभा सीटें हैं। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी, हालांकि उसकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आयी है। दूसरी तरफ इन एग्जिट पोल से साफ पता चलता है कि कांग्रेस को अपनी वापसी के लिए फिलहाल तो इंतजार ही करना होगा। हालांकि ये एग्जिट पोल कितने सही साबित होंगे, यह 3 दिसंबर को ही पता चल सकेगा।

---

## ग्रामीणों के लिए आफत बन गयी है लातेहार की तुबैद कोयला खदान

# डीवीसी ने ग्रामीणों को धूल फांकने पर मजबूर कर दिया है, फसल भी नष्ट

आजाद सिपाही पड़ताल

मुकेश कुमार सिंह






**लातेहार (आजाद सिपाही)।** दुनिया भर में कोयला और दूसरे खनिजों के खनन के दौरान होनेवाले प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार कोशिशें हो रही हैं, लेकिन झारखंड की हालत एकदम उलट है। यहां की खनिज संपदा अब यहां के लोगों के लिए अभिशाप बनने लगी है। असुरक्षित खनन के कारण होनेवाला प्रदूषण और खनन कंपनियों द्वारा आसपास के इलाकों की लगातार अनदेखी ने स्थिति को भयावह बना दिया है। यूरेनियम की खदान के कारण हुए नुकसान के बारे में दुनिया जान चुकी है, लेकिन लातेहार की तुबैद कोयला खदान ने तो इलाके के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लातेहार को स्मार्ट सिटी बनाने, यहां की गरीबी दूर करने और बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार देने की गारंटी देने का वादा करनेवाला तुबैद कोल माइंस प्रबंधन (डीवीसी) अब ग्रामीणों के लिए आफत बन गया है। ग्रामीणों पर यह आफत कोयला खदान से होनेवाले प्रदूषण के कारण आयी है। अधिकारियों और प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी है, लेकिन कहीं से कोई कार्रवाई का संकेत नहीं मिल रहा है। तुबैद कोयला खदान के आसपास के इलाकों में फैलते प्रदूषण के कारण जनजीवन पर पड़नेवाले प्रभावों से दुनिया को अवगत कराने के लिए आजाद सिपाही की टीम ने इलाके का दौरा किया। इस बारे में प्रस्तुत है मुकेश कुमार सिंह की ग्राउंड रिपोर्ट।

हम जब तुबैद कोल माइंस प्रबंधन की बड़ी-बड़ी बातों की सच्चाई देखने पहुंचे, तो पहले गार्डों ने हमें रोक दिया। बहुत कहने के बाद हम लोग माइंस एरिया में पहुंचे। वहां कहा गया कि दूसरा विस्फोट होना है, इसलिए अभी मत जाइए। हम लोग विस्फोट स्थल से लगभग दो सौ मीटर बगल में स्थित 25 घर की आदिवासी बस्ती में गये। वहां लोगों से जब मिले, तो वह सिर्फ कहने के लिए गांव था, वहां की हवा और पानी दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित था। वह बस्ती नर्क के रूप में हमारे सामने थी, जहां का हर निवासी, खास कर बच्चे बीमार दिख रहे थे।

कोल माइंस के लोगों की नीति और नीयत में काफी फर्क़ है। ग्रामीणों के साथ धोखा किया जा रहा है। कंपनी कागज में कुछ और कहती है, लेकिन जब धरातल पर काम देखने और दिखाने की बात आती है, तो लोग बगलें झांकने लगते हैं। कंपनी प्रबंधन कोलियरी चलाने के लिए साम, दाम, दंड और भेद सभी प्रकार की नीति अपनाता है। सबसे पहले पैसे का खेल चलता है। जब यह असफल होता है, तो प्रशासनिक मदद से अपने कार्यों का निपटारा करते हैं। इससे भी काम नहीं चलता है, तब कंपनी सरकार को भी शामिल कर प्रशासन और कंपनी तीनों मिल कर ग्रामीण जनता का जम कर दोहन करती है। इसका सीधा प्रमाण है वहां की स्थिति। कोई भी कोलियरी के आसपास स्थित गांव का दौरा कर ले और देखे कि ग्रामीणों का जनजीवन कितना नरक बन गया है।

### गांववालों का दर्द

कहा जाता है कि हमारे देश के गांवों में रहनेवाले लोगों को जितना शुद्ध पानी और हवा मिलती है, शहरों में सपना हो जाता है, लेकिन कोलियरी के किनारे रहनेवाले गांव के ग्रामीणों के जीवन को देखें, तो कलेजा मुंह में निकल कर आ जायेगा। उनका जीवन बेहाल है। ना तो पीने का पानी बेहतर है और ना सांस लेने के लिए लिए शुद्ध हवा। वे कोयले का कण मिला पानी पीने को मजबूर हैं और सांस लेने के लिए प्रदूषित हवा ही उन्हें मिलती है। गांवों की कहानियां अब दंत कथा बन कर रह जायेंगी। जब कोई ग्रामीण बतायेगा कि हमारे दादा-परदादा की जिंदगी 100 साल की हुआ करती थी, लेकिन अब हमारा और हमारे बच्चों का जीवन इतना प्रदूषित हो गया है कि हम कब बीमारी से ग्रसित होंगे और कब हम काल कवलित हो जायेंगे, कहना मुश्किल है। हम खेती-बाड़ी पर निर्भर रहनेवाले लोग हैं, लेकिन अब हमारी खेती-बाड़ी कोयले की धूल की भेंट चढ़ गयी है। पानी में कोयले की धूल मिलने के कारण खेतों की पैदावार आधे से भी कम हो गयी है। हम लोगों के सामने भोजन के भी लाले पड़ गये हैं। कोई नहीं सुनता, सरकार हो या प्रशासन के लोग या समाजसेवी, हम लोग सभी के पास फरियाद लेकर गये, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ा।

### बहुत वादे हुए थे, सब सब्जबाग निकले

वापस आकर भगवान भरोसे ही अपनी जिंदगी जी रहे हैं। हम सोचे थे कि हमारी कंपनी लगेगी तो हमारे बच्चों को रोजगार मिलेगा। हम लोगों का दुख दूर होगा। इलाज के लिए बेहतर अस्पताल होगा। पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था होगी। रहने के लिए मकान होगा, लेकिन ये सब बातें कंपनी की ओर से सिर्फ सब्जबाग दिखाने के समान हैं। हम लोगों को प्राकृतिक रूप से जो शुद्ध हवा और पानी मिलता था, उसे भी छीन लिया। हमारे बेरोजगार नौजवानों से नौकरी देने के नाम पर 12 घंटा काम करवाते हैं और 6000 रुपया महीना देते हैं और वह भी दो महीने के लिए। उसके बाद कब नौकरी से निकाल देंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं। गांववालों का दर्द है कि हमारे मुख्यमंत्री कहते हैं कि आदिवासी की सरकार है, लेकिन कहां आदिवासी की सरकार है, हमारी तो कोई सुध नहीं लेता। ना सरकार लेती है, ना ही जिला प्रशासन लेता है और न ही यहां के विधायक लेते हैं। हम लोगों को तो पुलिस के द्वारा प्रताड़ित भी किया जाता है। हम लोग जब-जब कंपनी के विरुद्ध कुछ बोलना चाहते हैं, पुलिस प्रशासन हम पर जुल्म ढाता है। कोयला कंपनी के लोग जमीन मालिकों से जबरदस्ती पुलिस के दम पर जमीन कब्जे में लेकर कार्य कर रहे हैं। आज से कई उदाहरण मिल जायेंगे। जमीन उनके पास लिखित है, कंपनी के द्वारा लिखित दिया हुआ है। कंपनी ने पैसे भी दिये, लेकिन रजिस्ट्री नहीं करवायी और पूरे पैसे नहीं दिये और न ही काम करने का परमिशन लिया और उसकी जमीन पर कार्य चालू है। पैसे नहीं मिलने पर अगर किसान कंपनी वालों को काम से रोकता है या पैसे मांगता है, तो उस पर पुलिस कार्रवाई करती है। कहा जाता है कि तुम उग्रवादी हो, जमीन प्रशासन को लिखो। जैसे-तैसे करके रिपोर्ट गलत लिखवा कर पैसा नहीं देने का हथकंडा अपनाया जाता है।

### तुबेद कोल माइंस (डीवीसी) के जीएम ने क्या कहा

‘ तुबेद कोल माइंस (डीवीसी) के जीएम जेके मांड्या से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें इस तरह की कोई जानकारी नही है। हम पता कर लेते हैं और ग्रामीणों से मिल कर बात कर लेंगे। तभी कुछ बता सकते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 16.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.13 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


### झामुमो ने विधानसभा चुनाव के नतीजों पर किया दावा

# पांच राज्यों में जनता का नारा भाजपा एग्जिट: सुप्रियो भट्टाचार्य

**उत्तर-पूर्व के राज्यों पर भाजपा के अत्याचार का लंबा दौर रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा का जो चुनाव हुआ है, वहां से भाजपा को एग्जिट का रास्ता दिखा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने दूसरे राज्यों के कार्यकर्ताओं से बातचीत की, उस बातचीत से यही बात छन कर आ रही है कि सभी पांच राज्यों में भाजापा की सरकार नहीं बनाने का निर्णय ले लिया गया है। पांच राज्यों ने कहा है कि एग्जिट बीजेपी। मिजोरम का स्पष्ट संकेत है कि देश के उत्तर-पूर्व जो राज्य हैं, उन पर भाजपा के अत्याचार का लंबा दौर रहा है। मणिपुर में जो आग लगायी, उससे लोगों ने ठान लिया है कि हमको क्या करना है। आदिवासियों के साथ ही मूलवासियों ने यह फैसला बहुत पहले ही ले लिया था कि भाजपा के शासन को समाप्त करना है।



**एसइसी का दौरा किसी भाजपा नेता ने नहीं किया**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जो बौखलाहट भाजपा के नेताओं में मची है, कल आपने देखा होगा कि देवघर में नैनो प्लांट का निरीक्षण करने स्थानीय सांसद के साथ केंद्रीय मंत्री गये थे। पिछले 10 वर्षों में किसी केंद्रीय मंत्री का यह तीसरा दौरा था। मैं नहीं जानता कि इसमें क्या स्वार्थ है। विगत 10 वर्षों में पीएम, गृह मंत्री, केंद्रीय मंत्री झारखंड आये, लेकिन एचइसी का दौरा किसी ने नहीं किया, क्योंकि उनको मालूम है कि अगर हम वहां गये, तो वह अपनी पीड़ा को छिपा नहीं पायेगा। वहां जो बिलखते परिवार हैं, जो भूख की आग है, उस तपिश को देख कर कोई भी सहज नहीं रह सकता। इसलिए एचइसी का दौरा एक बार भी किसी ने नहीं किया।

**केंद्र ने 2 करोड़ नौकरी की बात कही थी, दिया सवा लाख**

कहा कि आज पीएम रोजगार देने की बात करते हैं। कहां 2 करोड़ रोजगार की बात हुई थी। छह महीने पहले भी रोजगार देने का आडंबर हुआ, कल भी हुआ, लेकिन दोनों मिला कर सवा लाख रोजगार दिये गये। 20 करोड़ की जगह पर मात्र सवा लाख नौकरी मिली। उसके प्रचार में लगता है कि सवा लाख करोड़ रुपये उड़ा दिये गये। कहा कि झारखंड में बड़ी तादाद में बहाली होगी। 2024 में घोषणापत्र के वाक्य दर वाक्य के साथ हम न्याय करेंगे।

**बीएसएफ के कैंप में राजनीतिक जमावड़ा**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अमित शाह भी आये थे। उनका सरकारी कार्यक्रम था। वह बीएसएफ के स्थापना दिवस में आये थे, जो डिसिप्लीन फोर्स है, जो कैंप है, ऐसा लगा कि वह एक राजनीतिक पार्टी का जमावड़ा लगा है।

### भाजपा का झामुमो पर पलटवार

# पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा की जीत तय है : प्रतुल शाहदेव

**सुरक्षा बलों को अपनी घटिया राजनीतिक एजेंडे में ना घसीटे झामुमो**

**झारखंड में भी इस बार हेमंत सरकार के लिए नारा लगेगा- ' अबकी बार, बाहर का द्वार'**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कांफ्रेंस पर जबरदस्त पलटवार करते हुए देश की सीमा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों को घटिया राजनीतिक एजेंडा नहीं बनाने की सलाह दी।

प्रतुल ने कहा कि पूरे देश को इस बात का गर्व है कि विश्व का सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक बल बीएसएफ अपना 59वां स्थापना दिवस मना रहा है, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा इस पर भी अपनी विकृत मानसिकता से उबर नहीं सका। प्रतुल ने कहा कि यह एक सरकारी कार्यक्रम था और कार्यक्रम में भाजपा के सांसद,



विधायक आमंत्रित थे, जिन्होंने शिरकत की।

प्रतुल ने कहा कि राजनीति की एक मर्यादा होती है, जिसमें सेना और सुरक्षा बलों को राजनीति में नहीं घसीटा जाता। लेकिन कभी कांग्रेस सेना की सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न उठाती है, तो कभी झामुमो सुरक्षा बलों के कार्यक्रमों पर अपनी ओछी टिप्पणी करने से बाज नहीं आता। झारखंड में अपनी आसन्न हार से बौखलाई झारखंड मुक्ति मोर्चा सारी राजनीतिक मयार्दाओं को भूल गयी है। प्रतुल ने कहा कि जिस एचइसी के लिए आज झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रहा है। उसकी वास्तविक दुर्दशा तो 2004 से 2014 के बीच में यूपीए के शासनकाल में हुई थी। इन सरकारों में झामुमो की भी सत्ता में हिस्सेदारी थी। तब तो रांची से भी एक केंद्रीय मंत्री होते थे, लेकिन एचइसी के वर्क आर्डर को छीनकर कमीशन के लिए निजी कंपनियों को दे दिया गया। केंद्र की वर्तमान सरकार एचइसी के लिए गंभीर और संवेदनशील है। शीघ्र वेतन सहित समय सभी मुद्दों को सुलझा लिया जायेगा। प्रतुल ने कहा कि पांच राज्यों के एग्जिट पोल से झारखंड मुक्ति मोर्चा बौखला गया है। पांचों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्पष्ट रूप से बनती दिख रही है। इन सब चीजों से बौखला कर झामुमो को यह एहसास हो गया है कि झारखंड में भी हेमंत सोरेन सरकार के लिए बस यही नारा लगेगा - 'अबकी बार,बाहर का द्वार'।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आज का दिन अनुकूल है, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृष** राजनीतिक लाभ, कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेग।

**कर्क** शुभ कार्य का सम्पादन करेंगे, सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा, उद्योग-व्यापार में सफलता।

**सिंह** सामाजिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

**कन्या** नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेगें।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# आइएएस अधिकारी एपी सिंह रिटायर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजस्व पर्षद के सदस्य और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमरेंद्र प्रताप सिंह रिटायर हो गये हैं। वह मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी थे। लंबे समय से वह राजस्व पर्षद के सदस्य रहे। 1991 बैच के आइएएस अफसर के रिटायरमेंट के अवसर पर राजस्व पर्षद के कर्मियों ने उन्हें विदाई दी। वहीं रांची के कमिश्नर मनोज कुमार जयसवाल भी रिटायर हो गये हैं। मौके पर आयुक्त कार्यालय के कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी। जयसवाल ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशासन में रहते हुए आपको सामान्य जनमानस की पीड़ा को समझना होगा, क्योंकि जब तक समाज के सबसे निचले पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास योजना नहीं पहुंचेगी, तब तक सफल प्रशासक नहीं बन सकते हैं।

**अवर सचिव को दी गयी विदाई**

ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अशोक कुमार की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव उपसचिव, अवर सचिव और विभाग के समस्त कर्मचारियों ने अशोक कुमार को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। इस मौके पर संयुक्त सचिव अवध प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, जीतेंद्र कुमार देव ने अशोक कुमार को बुके, शॉल देते हुए सम्मानित भी किया।

# केंद्रीय गृह मंत्री रांची से दिल्ली के लिए रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हजारीबाग में बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह के संपन्न होने के बाद शुक्रवार को हजारीबाग से रांची पहुंचे।

गृह मंत्री हेलिकॉप्टर से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे और दिल्ली के लिए रवाना हो गये। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

एयरपोर्ट पर भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# गवर्नर और सीएम ने बीएसएफ के स्थापना दिवस पर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस पर सभी वीर जवानों और उनके परिवारजनों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि अपने पराक्रम, शौर्य और साहस से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सीमा सुरक्षा बल के सभी वीर जवानों को 59वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। इधर, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में समर्पित सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। दूसरी ओर, राज्यपाल ने अनुपम संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध नागालैंड के स्थापना दिवस पर समस्त नागालैंडवासियों को भी बधाई दी है।

### माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड

# मुख्य सूत्रधार छोटू खलखो समेत चार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगड़ी निवासी माकपा नेता सह जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा हत्याकांड के मुख्य सूत्रधार छोटू खलखो समेत चार के खिलाफ जांच पूरी करते हुए जांच अधिकारी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसके साथ ही अन्य के खिलाफ आगे की जांच की जा रही है। चार्जशीट न्यायिक दंडाधिकारी समर अफशान की अदालत में दाखिल की गयी है। सुभाष मुंडा की हत्या की मुख्य वजह नगड़ी की 119 डिसमिल जमीन विवाद बताया गया है। इस जमीन को लेकर लंबे समय से वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता को खत्म करने को लेकर इस वारदात की पूरी साजिश छोटू खलखो ने ही रची। इसके बाद सुभाष मुंडा को मारने के लिए अपराधियों को सुपारी दी गयी थी। रास्ते से हटाने के लिए छोटू खलखो ने शूटरों को काम पर रखा था। इसको लेकर मोटी रकम में सौदा तय हुआ था। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। कथित अपराध में चारों की सक्रिय भागीदारी है।

**चार्जशीट इन आरोपियों के खिलाफ**

हत्याकांड को लेकर नगड़ी थाना क्षेत्र के ललगुटवा निवासी छोटू खलखो और अभिजीत कुमार पाड़ी, रातू थाना क्षेत्र के गुड़ू निवासी विनोद कुमार उर्फ कन्हैया और लखिंद्र सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है। चार्जशीट हत्या, आपराधिक साजिश रचने समेत भादवि की चार धाराओं और आर्म्स एक्ट की पांच धाराओं के तहत की गयी है। पुंदाग निवासी बबलू पासवान समेत अन्य के खिलाफ जांच जारी है।

**सुभाष मुंडा को अपराधियों ने मारी थी सात गोली**

सुभाष मुंडा की हत्या नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादली चौक स्थित पार्टी कार्यालय में 26 जुलाई की शाम 7.45 से 8 बजे बीच नकाबपोश अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। सुभाष मुंडा को सात गोली लगी थी। इस वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये थे। घटना के समय सुभाष मुंडा अपने सहयोगियों अमित मुंडा, बसंत कुमार मुंडा, इब्राहिम अंसारी, एतवा किस्पोट्टा और सनाउल्लाह अंसारी के साथ बात कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने नगड़ी थानेदार समेत दो पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया था। घटना को लेकर मृतक के भाई उमेश मुंडा ने नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील पासवान के मामले में सुनवाई

**4 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में मेंटिबिलिटी याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर सुनवाई जारी रही। राज्य सरकार की ओर से समय की मांग की गयी। इसके बाद हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अगली सुनवाई सोमवार यानी 4 दिसंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पैरवी की।

**सक्षम प्राधिकार ने निर्गत किया था जाति प्रमाण पत्र :** प्रार्थी की ओर से हाइकोर्ट को बताया गया था कि इनके पिता वर्ष 1982-83 में सरकारी सेवा में रहते हुए सचिव, व्यापार मंडल गिरिडीह के पद पर थे। प्रार्थी की शिक्षा गिरिडीह में ही हुई। इस दौरान गिरिडीह के सक्षम प्राधिकार द्वारा इनका जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया। इन्होंने मुखिया का चुनाव सहित कुछ अन्य जनप्रतिनिधि का इलेक्शन लड़ा था, लेकिन उनके जाति प्रमाण पत्र पर सवाल नहीं उठाया गया था। मेयर का चुनाव लड़ने के बाद जाति प्रमाण पत्र का सवाल उठाया गया। एकीकृत बिहार के समय से वह गिरिडीह में ही थे। इसलिए अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर उनके द्वारा मेयर का चुनाव लड़ने का आरोप गलत है। उन्हें मेयर पद के अयोग्य घोषित किया जाना गलत निर्णय था। दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था।

# वैश्य मोर्चा ने झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की

### केंद्रीय पदाधिकारियों ने घरों में लगाया झंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने मांगों के समर्थन में झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की। शुक्रवार को मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष और प्रकोष्ठ संगठन के सदस्य अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर इस अभियान की शुरुआत की। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने भुरकुंडा स्थित आवास पर झंडा लगाया। कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू ने कांके, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव गोमिया, संजीव चौधरी पंडरा, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल तेनुघाट, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन हेसालौंग, अनिल वैश्य रांची, महिला मोर्चा की महासचिव



पूनम जयसवाल रांची, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू सुकुरहुट्ठू, राजेश साव तुलबुल, दिवाकर साहू ने ओरमांझी में झंडा लगाओ अभियान में शामिल हुए। महेश्वर साहू ने कहा कि वैश्य समाज का यह झंडा हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है। हमारे आत्मबल को बढ़ाने में मदद करता है। 10 दिसंबर को रामगढ़ में नयी केंद्रीय समिति की प्रथम बैठक होगी। इस बैठक में कई प्रस्ताव पारित किये जायेंगे और आंदोलन-कार्यक्रम की तिथि तय की जायेगी।

# सनातन विरोधी और पाखंडी है झारखंड सरकार : दीपक प्रकाश

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम रद्द होने पर बिफरी भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पलामू में 10 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अनुमति नहीं दिये जाने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रकाश ने राज्य सरकार पर हिंदू और सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री को तुष्टिकरण की राजनीति बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक विशेष वर्ग को खुश करने के उद्देश्य से राज्य की हेमंत सरकार



हिंदू और सनातन धर्म को मानने वालों का लगातार विरोध कर रही है।

श्री प्रकाश ने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री हिंदू हृदय सम्राट हैं। उनके झारखंड में आने से समाज में समरसता और एकता का संदेश जाता, लेकिन सनातन-हिंदू विरोधी और पाखंडी सरकार को यह रास नहीं आया। श्री प्रकाश ने हेमंत सरकार को हिंदू विरोधी मानसिकता से बाहर आने और व्यवहार में बदलाव लाने का सुझाव देते हुए कहा कि राज्य का हिंदू समाज अब जाग चुका है। अगर राज्य सरकार अपनी इस मानसिकता से बाहर नहीं आयी, तो इसका जबाब जनता आने वाले चुनाव में जोरदार तरीके से देगी।

# मोदी सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित: नागेंद्र

**एकात्म मानववाद दर्शन के साथ अंत्योदय को समर्पित है पार्टी**

**भाजपा का दो दिवसीय विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित दो दिवसीय विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग शगुन बैंक्वेट हॉल चिरौंदी में शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसमें विस्तारकों को सांगठनिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक की विकास यात्रा, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के संकल्प, भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक की विकास




यात्रा में राष्ट्र प्रथम, के विचार समाहित हैं। इसको पार्टी जनसंघ काल से साकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की खिलाफत की।

कहा कि आपातकाल के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा के लिए लाखों कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया, लेकिन विचारों से समझौता नहीं किया। कहा कि जनसंघ के बाद भाजपा की यात्रा में हमारी पंच निष्ठाएं करोड़ों कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर रही हैं। भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए संकल्पित है। इसमें भारत हजारों साल पुराना राष्ट्र है। हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनः प्रतिष्ठित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज अंत्योदय के संकल्प को साकार करते हुए मोदी सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। चाहे जन-धन खाता हो, शौचालय निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, मुफ्त अनाज वितरण हो, आयुष्मान कार्ड हो, ये सारे कार्य अंत्योदय को पूरा कर रहे हैं।

**विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा :** त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि हमारी पहुंच आज सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्वसमावेशी और सर्वग्राही संगठन है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास को गति देने में लगी है।

महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग वैचारिक प्रतिबद्धता को बल प्रदान करता है। संगठन और समाज के बीच समन्वय का सूत्र प्रशिक्षण का मूल तत्व है। जनता पार्टी की विचारधारा, नीति कार्यक्रमों के साथ खड़ी है। दो दिवसीय वर्ग में केंद्रीय विस्तारक प्रशिक्षण टोली के सदस्य प्रो मनोज कुमार सिंह ने विस्तारकों की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। वर्ग में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने चुनाव प्रबंधन विषय और सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी ने सोशल मीडिया से संबंधित जानकारियां दीं।

**इनकी रही उपस्थिति**

प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, रमेश सिंह सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## टनल हादसा: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीएम आवास में मिले मजदूर, जताया आभार

# जिंदगी जीती, घर पहुंचे श्रमवीर





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्तराखंड टनल हादसे में सुरक्षित निकाले गये झारखंड के सभी 15 मजदूर शुक्रवार शाम को रांची लौट आये। मजदूरों के साथ 12 परिजन भी शामिल थे, जो हादसे के बाद उत्तरखंड गये हुए थे। झारखंड लौटे मजदूर हवाई अड्डे से सबसे पहले मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। उनसे बातचीत की। उनका हाल जाना। उन्हें बधाई दी। मजदूरों ने उनके साथ 17 दिनों तक टनल में फंसे होने का अनुभव साझा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार की तरफ से हर तरह की मदद पहुंचाने के लिए आभार जताया।

इससे पहले मजदूरों का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और विभागीय सचिव राजेश शर्मा एयरपोर्ट पर मौजूद थे। साथ ही भाजपा और कांग्रेस के प्रदेश नेता भी स्वागत करने वहां पहुंचे थे। सभी ने मजदूरों का स्वागत किया। मजदूरों के चेहरे पर खुशियां

### हवाई अड्डे पर किया गया भव्य स्वागत

झलक रही थीं। उन्हें सुरंग में 17 दिनों तक फंसा रहने के बाद वहां से घर तक की वापसी किसी जंग की जीत से कम नहीं लग रही थी। वह अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे थे।

गौरतलब है कि दिपावली के दिन उत्तराखंड में टनल हासदा हुआ था। सुरंग में 41 मजदूर 17 दिनों तक फंसे हुए थे। लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उन्हें सुरंग से बाहर निकाला गया। इनमें झारखंड के भी 15 मजदूर थे। राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय अधिकारियों की टीम को रेस्क्यू आपरेशन के दौरान भेजा था। ऋषिकेष में इनका इलाज होने के बाद ये अधिकारी मजदूरों को हवाई जाहज से वापस रांची लेकर आये।

## कांग्रेस-भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**रांची (आजाद सिपाही)। उत्तराखंड से अपने प्रदेश झारखंड लौटे श्रम वीरों का रांची एयरपोर्ट भव्य स्वागत हुआ। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्वागत के बाद मजदूरों को बस से मुख्यमंत्री आवास ले गये। जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। इससे पहले एयरपोर्ट पर भाजपा सांसद सांसद दीपक प्रकाश, सांसद संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया। उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महासचिव राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, कृषि विपणन के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, गो सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी स्वागत किया।**

# सीएम दो दिवसीय दौरे पर 6 दिसंबर को जमशेदपुर में

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 6 दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर शहर पहुंचेंगे। वह शाम में सिदगोड़ा टाउन हॉल में आयोजित झामुमो की कोल्हान प्रमंडलीय स्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे।

इस बैठक में केंद्रीय कमेटी के साथ-साथ पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम की जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी के सदस्य और पार्टी के सभी विधायक और नेतागण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सभी के साथ संवाद करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को पार्टी के नेताओं ने कार्यक्रम स्थल सिदगोड़ा टाउन हॉल का दौरा किया। इस संबंध में झामुमो के केंद्रीय महासचिव मोहन कर्मकार ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं को यह संदेश देंगे कि किस तरह से वह जानता के बीच जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचायें और संगठन को कैसे मजबूत किया जाये। रात्रि विश्राम के बाद 7 दिसंबर को मुख्यमंत्री आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

## मिलन समारोह का आयोजन : कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने आजसू का दामन थामा

# सीएम के दावे, वादे और भाषण झूठ का पुलिंदा : सुदेश महतो

### झारखंड के आठ लाख लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी और दिहाड़ी खटने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सोरेन के दावे, वादे और भाषण झूठ का पुलिंदा है। सरकार राज्य में रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल है। यही वजह है कि झारखंड के आठ लाख लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी और दिहाड़ी खटने को मजबूर हैं। इनमें युवाओं की बड़ी तादाद है। ये युवा शौक से पलायन नहीं करते हैं।

सुदेश महतो शुक्रवार को रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव विधायक के प्रशासनिक प्रतिनिधि सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



श्री महतो ने कहा कि सरकार जमीनी हकीकत पर योजनाबद्ध काम करने के बजाये भावनात्मक भाषणबाजी कर अपनी नाकामियां छिपाने में जुटी हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा किये गये आवेदन और उसके निस्तारण का मूल्यांकन कर बताये। साथ में ये भी बताया कि वर्तमान में योजना के चयन में ग्राम सभा कहां है। उन्होंने कहा कि राज्य का नेतृत्व सरकारी तंत्र के बीच समन्वय स्थापित करने में विफल है, जिसका खामियाजा प्रदेश की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री को राज्य नहीं, सिर्फ अपना विकास दिख रहा है। आदिवासियों के नाम पर सबसे ज्यादा वह आदिवासियों को ही धोखा दे रहे हैं। कहा कि पार्टी के एजेंडा और विचार से लोग जुड़ रहे हैं। पूरे राज्य से लोग लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इन्हें जनता के हक की लड़ाई लड़ने और उनके अधिकार की बात को सरकार तक पहुंचाने का मंच आजसू पार्टी देगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा जल्द की जायेगी। केंद्रीय समिति में युवा जोश और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव का समागम देखने को मिलेगा।

### इन्होंने ली सदस्यता

**बड़कागांव विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि गिरेंद्र प्रसाद, तलस्वार पंचायत अध्यक्ष निरोज करमाली, प्रखंड संगठन मंत्री अशोक शर्मा, संजय कुमार, कुलदीप विश्वकर्मा, दीपक कुमार, अवधेश कुमार, हेमदेव राणा, अनिल तिर्की, रोशन तिग्गा, अशोक ठाकुर, लखित कुमार समेत कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा।**

## जमीन के नाम पर कोबरा बटालियन के हवलदार से 73 लाख की धोखाधड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथपुर थाने में 73 लाख रुपये की धोखाधड़ी की प्राथमिकी सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन खूंटी में पदस्थापित हवलदार संजीत कुमार ने दर्ज करायी है। इसके अनुसार, संजीत कुमार ने अपने और अपने भाई के नाम से जमीन लेने के लिए लटमा बाजार शिव मंदिर एयरपोर्ट के पीछे जमीन का एग्रीमेंट किया। एग्रीमेंट के तहत दोनों ने करीब 73 लाख 16 हजार रुपये का भुगतान किया, लेकिन भुगतान के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं की गयी। संजीत कुमार ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उनके साथ षडयंत्र कर धोखाधड़ी की गयी है। आरोपियों ने उनके और उनके भाई के 73 लाख रुपये का गबन कर लिया। संजीत और उनके बड़े भाई ने जिन आरोपियों के खाते में पैसे ट्रांसफर किये, उन सभी 28 लोगों के नाम और उनके एकाउंट नंबर का डिटेल्स पुलिस को उपलब्ध कराया है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। इस मामले को लेकर जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने बताया कि एफआइआर दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जानकारी मिली है कि मुख्य आरोपी संजीव कुमार पिछले दो साल से लापता है। इन लोगों ने जिन्हें पैसा दिया है, उनकी तलाश पुलिस कर रही है, लेकिन उनका सुराग नहीं मिल पाया है।

## प्लेसमेंट के लिए कंपनियों को किया जायेगा आमंत्रित: कुलपति

### डीएसपीएमयू में प्लेसमेंट सेल का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर के लगभग 300 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। प्रशिक्षण शिविर को स्मार्ट फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने संचालित किया, जिसके तहत विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और व्यक्तित्व विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किये गये। विशेषज्ञ के माध्यम से उन्हें यह समझाने का प्रयास किया गया कि विभिन्न व्यवसायिक उपक्रमों में रोजगार के लिए विद्यार्थियों में किन गुणों का समावेश होना चाहिए। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हालिया समय में विश्वविद्यालय का यह प्रयास रहा है कि न सिर्फ व्यवसायिक बल्कि पारंपरिक स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए भी विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाये। यह प्रशिक्षण कार्यशाला इसका एक उदाहरण है। जल्द ही विश्वविद्यालय ऐसे कई प्रशिक्षण शिविर को आयोजित करने का अलावा देश के श्रेष्ठ उपक्रमों को अपने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित करेगा। प्लेसमेंट अधिकारी अंकित कुमार तिवारी, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह भी मौजूद थे।



# राष्ट्रीय हैकथॉन में इक्फाई यूनिवर्सिटी का परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के बीसीए (डीएस और एआइ) सेमेस्टर -थर्ड के तीन छात्रों (आकाश वर्मा, राजनंदिनी तिवारी और साक्षी कुमारी) ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा भौतिक मोड में आयोजित इ-सुरक्षा साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय हैकथॉन में प्रथम स्थान हासिल किया। इस हैकथॉन में देश भर से विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया है। इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड के छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और नेशनल हैकथॉन के फाइनल राउंड में उनका मुकाबला किया। छात्रों ने उभरते साइबर खतरों का विश्लेषण और भविष्यवाणी करने, संगठनों को सक्रिय रूप से मदद करने और नये हमले वैक्टरों से बचाव के लिए एआइ-संचालित साइबर सुरक्षा समाधान लॉगगार्ड एआई डिजाइन किया।



छात्रों को उपलब्धि पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रमण कुमार झा ने कहा कि यह हमारे छात्रों की ओर से एक शानदार उपलब्धि है, जिन्होंने जुनून और उत्साह के साथ काम किया। इसका श्रेय हमारे संकाय सदस्यों को भी जाता है, जिन्होंने हमारे छात्रों को प्रेरित और मार्गदर्शन किया है। यह हमारे विश्वविद्यालय और राज्य के लिए भी बहुत गर्व का क्षण है कि छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति ने छात्रों को इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरा समर्थन दिया और उनके सभी यात्रा खर्चों को प्रायोजित किया।

छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रोफेसर अरविंद कुमार, डीन-एकेडमिक्स और डॉ जेबी पटनायक ने कहा कि विश्वविद्यालय के पास हमारे छात्रों को व्यावहारिक कौशल से लैस करने के लिए प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं के संदर्भ में आवश्यक बुनियादी ढांचा है। हम उन्हें ऐसे व्यवहारिक प्रोजेक्ट अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो हमारे छात्रों को बेहतर सीखने में मदद करते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### फ्लोरेंस ग्रुप के छात्रों ने निकाली रैली



रांची (आजाद सिपाही)। विश्व एड्स दिवस पर फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन इरबा के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। रैली संस्था से एनएच 33 पथ होते हुए गांव-मोहल्ला चकला तक गयी। इस दौरान हाथ में बैनर पोस्टर लिए छात्र-छात्राएं नारा लगाते हुए लोगों को एड्स के प्रति जागरूक कर रहे थे। चकला पहुंचने के बाद छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स की बीमारी और इससे बचाव की जानकारी दी। मौके पर संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने कहा कि एड्स को लेकर लोगों में तरह-तरह का भ्रम है।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अनगड़ा के बीसा स्थित किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग और जसपुरिया बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एड्स-एचआइवी संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में शामिल छात्रों ने बीसा पंचायत के छोटकी गोडांग, सरई टोली, बिसा इत्यादि गावों में जाकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। रैली को संस्था के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा, प्राध्यापक रंचन कुमारी, सजीव कुमार, सरिता सिंह, अनिल वर्मा, सरिता शर्मा, विभा कुमारी, शशि प्रभा, उषा मिंज, हेमा कुमारी, रानी कुमारी, जाह्नवी कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एड्स दिवस मनाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस पर रैली निकाली गयी। एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा पिठोरिया उच्च विद्यालय में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने कहा कि एड्स के प्रति जागरुकता ही बचाव है।

### डॉ मुश्ताक अहमद को विदाई दी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा कॉलेज के शिक्षक संघ की ओर से डॉ मुश्ताक अध्यद, नागपुरी विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं नागपुरी पीजी विभाग के विभागाध्यक्ष को विदाई दी गयी। उन्हें शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। उन्हें जीवन की अगली पारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की गयी। डॉ मुश्ताक अहमद ने 38 वर्ष के कार्यकाल में बिरसा कॉलेज खूंटी में बरसर, (अर्थपाल) पद पर कार्य किया। साथ ही डोरंडा कॉलेज रांची में नामांकन प्रभारी, वरसर (अर्थपाल), उप- परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा नियंत्रक पदों पर कार्य किया। विदाई समारोह में डॉ बीपी वर्मा, प्राचार्य डॉ रजनी टोप्पो, डॉ मंजू लाल, डॉ दीपिका टेटे, डॉ मंजू मिंज, डॉ नारायण भगत, प्रो शिल्पि सिंह, प्रो निवेदिता, डॉ स्नेहा भारती, डॉ मतिउर्रहमान, प्रो निलिमा जयसवाल, प्रो राकेश, प्रो डॉ मलय भारती, प्रो कंचन मुंडा, डॉ आलम आरा, प्रो अंशुल गुप्ता, प्रो विद्यासागर यादव, प्रो डॉ अरविंद कुमार, प्रो मार्शल पूर्ति, अजय पोर, मुसर्रत जहां, डॉ शकीला, अमित कुमार के साथ-साथ अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# तीसरी आंख की जद में राजधानी

## इस साल कटे 1.5 लाख ऑनलाइन चालान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी की सुरक्षा और ट्रैफिक पर नजर बनाये रखने के लिए शहर में 750 कैमरे लगाये गये हैं। इससे राजधानी के चप्पे-चप्पे पर दो कंट्रोल रूम के द्वारा नजर रखी जाती है। इनमें कई अत्याधुनिक कैमरे सिग्नल ब्रेक करनेवालों की पहचान करने, वाहनों के नंबर प्लेट की तस्वीर लेने, तेज गति से जानेवाले वाहनों की पहचान करने और शहर में क्राइम कंट्रोल के लिए लगाये गये हैं। इनमें एसवीडी, एएनपीआर, आरएलवीडी जैसे अत्याधुनिक कैमरे शहर में काम कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार पहले की एजेंसी ने 650 कैमरे लगाये थे, उनमें 550 कैमरे काम कर रहे हैं। वहीं 100 कैमरे फ्लाइओवर के काम के कारण हटाये गये हैं। वहीं स्मार्ट सिटी की एजेंसी द्वारा 200 कैमरे शहर में लगाये गये हैं। शहर में 63 लोकेशन पर सर्विलांस कैमरे और 60 लोकेशन पर



ट्रैफिक उल्लंघन कैमरे लगे हुए हैं। इस वर्ष अत्याधुनिक कैमरों की मदद से नियम तोड़नेवाले वाहनों से लगभग 1.5 लाख ऑनलाइन चालान काटे जा चुके हैं।

क्या कहते हैं ट्रैफिक एसपी

रांची ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव से बताया कि सभी कैमरे की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जा रही है। जब भी किसी गाड़ी की चोरी होने की सूचना मिलती है, तो एएनपीआर कैमरे की मदद उस गाड़ी के नंबर को रजिस्टर्ड कर लिया जाता है। जब भी वह गाड़ी एएनपीआर कैमरे की जद में आती है, तो उसके मूवमेंट को कैप्चर कर कंट्रोल रूम में डायरेक्ट अलर्ट जारी होता है। कहा कि इस तरह की घटना जब भी घटती है और कैमरे में कुछ कैप्चर होता है, तो थाने के साथ समन्वय बना कर उसे ट्रेस किया जाता है।

विश्व एड्स दिवसः 1986 में मिला भारत में पहला एड्स मरीज

# चाइनीज निमोनिया से निबटने की पूरी है तैयारी : बन्ना गुप्ता

## मरीजों की प्रतिरोधात्मक क्षमता हो जाती है कमः अरुण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में विश्व एड्स दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 15,326 एड्स के मरीज हैं, लेकिन लोगों को जागरूक और सावधान रहने की जरुरत है, तभी इसका खात्मा संभव है। झारखंड में संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी हुई है। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में राष्ट्रीय औसत की तुलना में झारखंड में कमी आयी है। चाइनीज निमोनिया पर स्वास्थ्य



मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोरोना की तरह हम सभी लोग इससे भी निबटेंगे।

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि एड्स पॉजिटिव मरीज की प्रतिरोधात्मक क्षमता कम हो जाती है। एचआइवी का वायरस वाइट ब्लड सेल (डब्लूबीसी) पर प्रहार करता है। इस साल एड्स दिवस का थीम है लेट कम्युनिटी लीड, ऐसे में समाज के लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक और सचेत रहने की जरुरत है। राज्य सरकार एड्स पीड़ितों को पेंशन, राशन और आयुष्मान भारत की सुविधा से इलाज की व्यवस्था कर चुकी है। सरकार की अबुआ आवास योजना से आच्छादित करने की योजना है।

### एड्स के उन्मूलन में आगे बढ़ रहा है देशः कुलपति

डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज हम संकल्प लें कि न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व से एड्स को खत्म करेंगे। देश की बड़ी आबादी एचआइवी से प्रभावित हुई है। 15 से 49 साल के आयु के बीच के 25 लाख लोग एचआइवी पॉजिटिव हैं, लेकिन इसके उन्मूलन की दिशा में हम सभी आगे बढ़ रहे हैं।


### ये रहे मौजूद

जेसेक्स के परियोजना निदेशक जय किशोर प्रसाद, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा बीरेंद्र प्रसाद सिंह, डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य, अमरजीत समेत अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं संग धोनी की तस्वीर वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पर दोपहर करीब तीन बजे का समय। एयरपोर्ट पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह और समरी लाल सहित दूसरे भाजपाई नेता बैठे थे। इसी दौरान टीम इंडिया के पूर्व कैप्टन और क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी भी पहुंचे। औपचारिकता वश भाजपा नेताओं संग धोनी की एक तस्वीर ली गयी। इसे सोशल मीडिया पर इसे डाला गया। देखते ही देखते यह जबरदस्त तरीके से वायरल होता गया। साथ ही कयासों का दौर भी शुरू हो गया। लोग फोटो देख कर अपने- अपने तरीके से राय जाहिर करने लगे। लोगों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि धोनी अब भाजपा ज्वाइन करने का मन बना रहे हैं। संभव है कि वह अगले साल झारखंड में



होनेवाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से दिखें। इसी तरह के कयासों का सिलसिला जारी है। हालांकि भाजपा नेताओं ने ऑफ द रिकॉर्ड ऐसी किसी बात को खारिज किया है। साथ ही धोनी संग फोटो को महज एक संयोग बताया है। किसी तरह की राजनीतिक बातचीत की संभावनाओं को भी खारिज किया है। खैर, कयासों का दौर जारी है।

**चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी कर रहे धोनी :** धोनी भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं पर वे आइपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बने हुए हैं। इस टीम की कप्तानी करते कई बार टीम को चैंपियन भी बना चुके हैं। अगले वर्ष 2024 में होने वाले आइपीएल में भी वह चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते नजर आयेंगे। फिलहाल किसी राजनीतिक दल में जाने और चुनाव लड़ने की उनकी कोई ठोस चर्चा सामने नहीं आयी है।

# वर्ल्ड एड्स डे : अडाणी फाउंडेशन ने स्कूल में चलाया जागरुकता अभियान

## स्पीच और कविता लेखन में बच्चों को मिला पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अडाणी फाउंडेशन ने शुक्रवार को हरली स्थित एसएस उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एड्स के प्रति जागरुकता पर आधारित कविता, स्पीच और नाटक आयोजित हुए। स्कूल परिसर में विश्व एड्स दिवस पर विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गयी कि एचआइवी/एड्स के मरीजों के साथ छुआछूत का भाव नहीं रखना चाहिए,




### प्रियंका ने मारी बाजी

प्रतियोगिता में कक्षा 12 की प्रियंका कुमारी प्रथम और काजल कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 11 की सुहानी और और काजल को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

क्योंकि यह बीमारी छूने से नहीं फैलती है। विद्यार्थियों को बताया गया कि पिछले कुछ सालों में इस बीमारी के उपाचार के लिए कई नये तरीके आजमाये गये हैं और अब भी इससे निपटने के लिए चिकित्सा जगत लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य मो जफरूल इस्लाम, हेल्पेज इंडिया की ओर से अनीता और हरेंद्र कुमार मौजूद थे।

इसके अलावा अडाणी फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने अंबाजीत गांव में भी जागरूकता शिविर लगाया। स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि अगर समय पर इलाज नहीं किया गया, तो बीमारी जानलेवा बन जाती है।

# खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी हेहल का जलवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तत्वावधान में विकास विद्यालय में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। इसके तहत क्रिकेट प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत तीन स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। पहले क्लस्टर, फिर जोनल और फिर नेशनल। कलस्टर स्तर पर जीतनेवाली टीमें जोनल लेवल में पहुंचती हैं और जोनल में विजयी टीम से नेशनल खेलती है।

प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल द्वारा किया जा रहा है। विकास विद्यालय मैदान में अलग-अलग आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं के लिए क्लस्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के ग्रुप के फाइनल में डीएवी हेहल ने डीएवी कपिलदेव को हराया। वहीं 19 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों के ग्रुप के फाइनल में भी डीएवी हेहल ने डीएवी कपिलदेव को हराया। 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के ग्रुप में डीएवी गुमला ने डीएवी खूंटी को हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया। एक-दूसरे मैच में डीएवी सिमडेगा ने डीएवी गढ़वा को हराया और अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर मौजूद डीएवी हेहल के प्राचार्य एसके मिश्र ने बच्चों को खेल को करियर के रूप में अपनाने की सलाह दी। इस क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग की 13 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें प्रत्येक टीम में 15-15 खिलाड़ी शामिल है।

# आरके एंड कंपनी को काम देने में गड़बड़झाला

## उत्पाद विभाग को नहीं है अपनी ही इकाई जेएसबीसीएल पर भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हमेशा चर्चा में रहनेवाला झारखंड का उत्पाद विभाग एक बार फिर से सुर्खियों में है। इस बार तो विभाग ने अपने ही नियमों को ताक पर रख दिया है। दरअसल विभाग की तरफ से 30 नवंबर को जीडीएक्स नाम की कंपनी ब्लैक लिस्ट करते हुए कार्यमुक्त कर दिया गया। प्लेसमेंट एजेंसी पांच जिलों (बोकारो, लातेहार, रामगढ़, पलामू और गढ़वा) में शराब बेचने का काम करती थी। एजेंसी पर कई गंभीर आरोप लगे थे। विभाग ने अपने कार्यालय आदेश में लिखा है कि जीडीएक्स एजेंसी ने करीब 2.60 करोड़ रुपये का घपला किया है। कंपनी ने 2.60 करोड़ की शराब को बेच कर उत्पद विभाग में पैसे जमा नहीं किये। साथ ही दूसरे भी कई तरह के आरोप एजेंसी पर लगे हैं। इसलिए कंपनी को तीन साल के लिए झारखंड में ब्लैकलिस्ट किया जाता है। इसके बाद अपने दूसरे आदेश में विभाग की तरफ से इन पांचों जिलों में आरके एंड कंपनी को शराब बेचने का काम दे दिया।

### नियम को तोड़ कर कंपनी को काम

30 नवंबर के कार्यालय आदेश के मुताबिक उत्पाद विभाग की तरफ से आरके एंड कंपनी को पांच जिलों में शराब बेचने का काम दे दिया गया। ऐसा करके विभाग ने अपने ही नियम को ताक पर रख दिया। दरअसल प्लेसमेंट एजेंसी को काम देने से पहले विभाग की तरफ से कुछ शर्तों को प्रमुखता से रखा गया था। उन दो शर्तों को तोड़ते हुए विभाग ने आरके एंड कंपनी को काम दिया है। अगर विभाग के नियमों की मानें, तो टेंडर का नियम है कि बिड के दौरान जो भी कंपनी एल-1 आयेगी, उसे सिर्फ दो जोन में काम दिया जा सकता है। आरके एंड कंपनी पहले से ही दो जोन (7 और 9) यानी संथाल और सरायकेला-चाइबासा में काम कर रही थी। विभाग के दोनों नियमों को मानें, तो कोई भी एजेंसी तीन जोन में ही काम कर सकती है, लेकिन आरके एंड कंपनी को चार ग्रुप में काम करने का वर्क ऑर्डर दे दिया गया। विभाग ने अपने आदेश में आरके एंड कंपनी को जोन-3 (रामगढ़, बोकारो) और जोन-6 (पलामू, गढ़वा और लातेहार) में शराब बेचने का काम दे दिया।

**यह केवल तत्कालिक व्यवस्थाः जीएम :** जेएसबीसीएल के जीएम सुधीर कुमार ने कहा कि नियमों को तोड़ा नहीं गया है। इन जिलों के लिए टेंडर किया जायेगा। 12 दिसंबर को आखिरी तारीख है।

**जेएसबीसीएल को विभाग दे सकता था काम :** विभाग भले ही इस पूरे प्रकरण को तत्कालिक व्यवस्था बता रहा हो, लेकिन टेंडर होने तक विभाग जेएसबीसीएल को शराब बेचने का काम दे सकता था। झारखंड के कई जिलों में अभी भी जेएसबीसीएल शराब बिक्री के मैनपावर का संचालन कर रहा है। जब छत्तीसगढ़ की प्लेसमेंट एजेंसी राज्य छोड़ कर भागी थी, तो उस वक्त भी तत्कालिक तौर पर जेएसबीसीएल को ही शराब बिक्री का काम दिया गया था। बाद में टेंडर कर दूसरी एजेंसियों को काम दिया गया था, लेकिन इस बार विभाग ने अपनी ही इकाई जेएसबीसीएल पर भरोसा ना जताते हुए आरके एंड कंपनी पर भरोसा जताया है।

महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल ने कहा : ट्रेनों में लगभग 08 लाख अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराये

# छठ पर पिछले साल की तुलना में ज्यादा ट्रेनों को चलाया गया

## जनरल कोचों में लगभग 50 हजार निःशुल्क फूड पैकेट का वितरण किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, ने शुक्रवार को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। संवाददाता सम्मेलन में महाप्रबंधक के द्वारा छठ के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा




यात्रियों की सहुलियत के लिए उठाये गये विभिन्न कदमों का विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि छठ के उपरांत यात्रियों को देश के विभिन्न भागों में कार्य पर वापस जाने हेतु इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 05 गुणा ज्यादा ट्रेनों का परिचालन किया गया जिनसे लगभग 08 लाख अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराये गये थे। पूर्व मध्य रेल के 50 प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के ठहरने हेतु होल्डिंग एरिया में टेंट लगाये गये थे। इन टेंटों में पीने की पानी की व्यवस्था, भोजन हेतु खाना के पैकेट की व्यवस्था, ट्रेनों की एनाउनसमेंट की व्यवस्था, मेडिकल बूथ सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये गये थे। स्टेशनों एवं ट्रेनों के जनरल कोचों में लगभग 50 हजार निःशुल्क फूड पैकेट का वितरण किया गया। स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु एक वार रूम बनाया गया था।

महाप्रबंधक ने बताया कि भारतीय रेल अर्थव्यवस्था की वृद्धि का इंडिकेटर होता है। वर्ष 2017 के उपरांत जब से रेल बजट को आम बजट में शामिल किया गया है तब से भारतीय रेल के आधारभूत संरचनओं और यात्री सुविधा हेतु आवंटन में कई गुणा वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पूर्व मध्य रेल कई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इनमें से एक राजस्व के मामले में एक मील का पत्थर हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष में भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम स्थान हासिल कर लिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में हम तीसरे स्थान पर थे। हाल ही में पूर्व मध्य रेल के 03 स्टेशनों को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल' द्वारा हाजीपुर, बापूधाम मोतिहारी एवं धनबाद को गोल्ड रेटिंग तथा राजेंद्रनगर एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. को सिल्वर रेटिंग प्रदान किया गया है जो हमारे लिए गर्व की बात है। यात्री सेवा में और सुधार हेतु तथा कर्मचारियों को कार्यस्थल पर और बेहतर वातारण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सप्ताह के हर मंगलवार को महाप्रबंधक न सिर्फ रेल कर्मचारियों बल्कि आम लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सांसद डॉ महुआ माजी ने पीसीसी पथ और नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**रांची (आजाद सिपाही)।** वार्ड 46 कृष्णापुरी रोड नंबर सात के डॉ लालन दास के घर से गुप्ता भंडार तक पीसीसी पथ निर्माण और वार्ड नंबर दो अंतर्गत हातमा में कुवा बारी नीचे टोली में जीत मोहन मुंडा के घर से लालदेव मिर्धा के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। साथ ही नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास भी राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने किया। सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि हर जगह जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ी रहूंगी। इस मौके पर मंटू पांडेय, सुरेंद्र कुमार, रवि यादव, सत्येंद्र, संध्या गुड़िया, रोमा सरकार, अंजली, राजकुमार साव, विकास, प्रदीप मिर्धा, विष्णु राम, अजय राम, सोनू खलखो, विजय मिर्धा, अजय मिर्धा मौजूद थे।

### 30 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ याकूब गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम याकूब अंसारी है। याकूब अंसारी अशोकनगर के गेट नंबर चार के पास ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहा था। मामले की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा थाने की पुलिस अशोक नगर के गेट नंबर चार पर पहुंची, जहां पर पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। पुलिस की टीम ने खदेड़ कर उसे गिरफ्तार किया। तलाशी के क्रम में पकड़े गये युवक के पॉकेट से 30 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि युवक ने अशोक नगर को अपना नया ठिकाना बना लिया था और वहां के आसपास की युवकों को ब्राउन शुगर बेचा करता था। पुलिस इस मामले में कई लोगों की तलाश में जुट गयी है।

### ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** ट्रैफिक पुलिस दिन पर दिन स्मार्ट हो रही है। शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी हुई। इस विशेष साझेदारी के माध्यम से रांचीवासी रोड बंद, रोड डायवर्जन और मार्ग पर अन्य अवरोध की जानकारी गूगल मैप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस के जरिये निर्गत सड़क बंद, रोड डायवर्जन की जानकारी गूगल पर दिखेगी। यात्री इसके आधार पर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे। गूगल मैप पर पहले चरण की जानकारी शुरू हो गयी है। इसके साथ आगे आने वाले चरणों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गयी गति सीमा गूगल मैप पर दिखायी जायेगी। इसके साथ रांची ट्रैफिक पुलिस गूगल मैप के साथ मिल कर ट्रैफिक लाइट को ऑप्टिमाइज करने की दिशा में काम करेगा। इससे वेटिंग टाइम कम किया जा सके। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए लगातार ट्रैफिक पुलिस काम कर रही है। इसी के तहत गूगल से साझेदारी की गयी है।

### रांची में संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**रांची (आजाद सिपाही)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती के संजय पाहन का शव शुक्रवार को उनके घर के पास से संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक संजय के सिर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### 11 से 19 तक होगी जनसुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य नियामक आयोग की ओर से साल 2024 में बिजली टैरिफ घोषित की जायेगी। इसके पहले जनसुनवाई की तारीख नियामक आयोग ने घोषित कर दी है। राज्य नियामक आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पांच जिलों में जनसुनवाई की जायेगी। इसके लिए स्थान और समय निर्धारित कर लिया गया है। जनसुनवाई 11 से 19 दिसंबर के दौरान की जायेगी।

बिजली वितरण निगम की ओर से पिटीशन पहले ही दाखिल कर दिया गया है। इसके पहले 15 सितंबर को जेबीवीएनएल की ओर से सूचना जारी कर आम जनता से आपत्ति और सुझाव की मांग की गयी थी। बताते चलें कि जनसुनवाई पूरी होते ही आयोग की ओर से एक सप्ताह के अंदर नयी बिजली दरें तय की जायेंगी। संभावना है कि इससे उपभोक्ताओं के जेब में बोझ बढ़ेगा।

**कहां कहां होनी है जनसुनवाई :** 11 दिसंबर को डाल्टनगंज के टाउन हॉल, 13 दिसंबर को चाइबासा के पिल्लई हॉल, 15 दिसंबर को धनबाद के टाउन हॉल, 18 दिसंबर को देवघर के शिल्पग्राम सभागार 19 दिसंबर को रांची के आइएमए हॉल

### पाकुड़ के एसडीओ पर होगी कार्रवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने पाकुड़ के तत्कालीन एसडीओ जीतेंद्र कुमार देव पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उनके खिलाफ दो अलग-अलग आरोप पत्र दायर हुए हैं, जो प्रथम दृष्टया जांच में प्रमाणित पाये गये हैं। उनके खिलाफ उपायुक्त पाकुड़ ने 21 अगस्त 2018 द्वारा यह आरोप पत्र भेजा गया था कि वे सरकारी राजस्व हितों के प्रतिकूल व्यक्ति विशेष को नाजायज लाभ पहुंचाने की मंशा से सैरातों की बंदोबस्ती करायी। सैरातों की अवधि विस्तार करने, वरीय पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश का अनुपालन नहीं करने, दायित्वों का निर्वहन नहीं करने और विधि व्यवस्था जैसे संवेदनशील मामलों पर शिथिलता बरतने का आरोप है। इसके अलावा सरकार की शहरी जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने सहित कई आरोप हैं। पूरे मामले की समीक्षा करने के बाद विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय हुआ है। झाप्रसे के उक्त अधिकारी को 15 दिनों में अपना जवाब देने को कहा गया है। जीतेंद्र कुमार देव अभी ग्रामीण विकास विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित हैं।

### नये साल के पहले ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** दिवाली-महापर्व छठ के बाद बीतने के बाद भी ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। क्रिसमस से लेकर न्यू इयर तक स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी रहती है। हालांकि इस बार रेलवे बोर्ड ने भी लंबी वेटिंग लिस्ट और यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पहले से महत्वपूर्ण ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की योजना बनायी है। कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। रेलवे के अनुसार धनबाद से भुवनेश्वर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन में 22 दिसंबर से वेटिंग लिस्ट है। गोमो होकर चलने वाली ट्रेनों में थर्ड एसी का टिकट मिलना भी मुश्किल है। इसी तरह कोडरमा और धनबाद से होकर गुजरने वाली बीकानेर कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस में सात से 28 दिसंबर तक और कोलकाता बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस में आठ से 29 दिसंबर तक लंबी वेटिंग लिस्ट है। इन तारीखों में इन ट्रेनों में थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच जुड़ेगा।

# भारत ने चुना सही रास्ता

अमेरिका की एक अदालत में वहां अधिकारियों ने यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है कि एक भारतीय व्यक्ति ने किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी के कहने पर उसके नागरिक की हत्या की साजिश रची। वाइट हाउस का कहना है कि इस मामले को शीर्ष स्तर पर भारत के सामने उठाया गया है। हालांकि भारत ने अमेरिका के ऐसे किसी सार्वजनिक आग्रह के काफी पहले ही इसकी जांच के लिए हाई लेवल कमेटी गठित कर दी थी। इस नागरिक को प्रेरित करने के पीछे अमेरिका किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी का रोल बता रहा है। लेकिन वह अधिकारी कौन है, इस बारे में मुकदमे में किसी का नाम नहीं है। यूं तो अमेरिकी नागरिक का भी नाम नहीं दिया गया है, लेकिन यह संकेत मिला है कि इशारा खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर है। पन्नू भारत में घोषित आतंकवादी है और वह लगातार भारत विरोधी बयान देता आया है। इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका ने जो आरोप लगाया है, वह भारत की नीति नहीं है। मगर जिस तरह से यह मामला सामने आया है, वह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। अपने आरोपों में अमेरिका ने भी माना है कि यह साजिश उन लोगों के खिलाफ रची गयी थी, जो खालिस्तान समर्थक हैं। ऐसे में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत विरोधी इन तत्वों को संरक्षण देना ठीक नहीं है। वह भारत को स्वाभाविक सहयोगी मानता है। हाल के वर्षों में चीन के उभार को रोकने के लिए दोनों देश और करीब आये हैं। अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर लोकतंत्र है, तो भारत सबसे बड़ा। अगर कोई शख्स खालिस्तान का समर्थन कर रहा है, तो वह भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ है। दूसरी बात यह है कि दूसरे देशों के नागरिकों की हत्या हो या तख्तापलट, इस मामले में अमेरिका का अपना रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। उसने खालिस्तानी निज्जर के मामले में जिस तरह से कनाडा की तरफदारी की थी, वह भी मुनासिब नहीं थी। खासतौर पर यह देखते हुए कि भारत विरोधी तत्वों को वहां संरक्षण मिल रहा था। खैर, अमेरिका और भारत ताजा मामले में जिस तरह से सहयोग कर रहे हैं, वह परिपक्वता का सबूत है। वहीं, भारत ने इस मामले की जांच शुरू कर अच्छा कदम उठाया है। बेहतर होगा कि यह जांच जल्द पूरी की जाये, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये। सवाल यह भी उठता है कि कहीं यह सब भारत और अमेरिका के संबंधों में दरार डालने की साजिश तो नहीं है। उम्मीद है कि जांच से इस मामले के सारे पहलू सामने आयेंगे और किसी भी गलतफहमी की गुंजाइश नहीं बचेगी।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका ने जो आरोप लगाया है, वह भारत की नीति नहीं है। मगर जिस तरह से यह मामला सामने आया है, वह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सिलक्यारा सुरंग परियोजना में मलबा गिरने से 17 दिन कैद रहे 41 श्रमिकों के सकुशल जीवित निकल आने से देश और दुनिया भर के करोड़ों लोगों ने राहत की सांस ली है। जिस समर्पण और कुशलता के साथ इस पूरे बचाव अभियान को सफलता तक पहुंचाया गया, वह काबिले तारीफ है। इसके बावजूद इस पूरे प्रकरण ने सबक भी दिया है और बहुत से सवाल भी खड़े किये हैं, जिनके उत्तर भी खोजने ही होंगे।**


# उत्तराखंड सिलक्यारा सुरंग हादसे से सबक

**निशीथ जोशी**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी बह्मखाल-यमुनोत्री राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग परियोजना में मलबा गिरने से 17 दिन कैद रहे 41 श्रमिकों के सकुशल जीवित निकल आने से देश और दुनिया भर के करोड़ों लोगों ने राहत की सांस ली है। जिस समर्पण और कुशलता के साथ इस पूरे बचाव अभियान को सफलता तक पहुंचाया गया, वह काबिले तारीफ है। इसके बावजूद इस पूरे प्रकरण ने सबक भी दिया है और बहुत से सवाल भी खड़े किये हैं, जिनके उत्तर भी खोजने ही होंगे। भविष्य में सभी निर्माणाधीन योजनाओं में आने वाली संभावित आपदा की स्थिति में मानव जीवन को खतरे से कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सके, इसकी योजना बना कर पूरी व्यवस्था बनानी पड़ेगी।

चारधाम मार्ग पर बन रही साढ़े चार किलोमीटर लंबी यह सुरंग आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के साथ ही सामरिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन यह सुरंग लगभग 900 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना का एक हिस्सा है, जो सभी मौसमों में केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के लिए यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। आपात स्थिति में यह हमारी सेना के लिए भी चीन सीमा तक त्वरित गति से पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करने की सड़क मार्ग खोल देगी। इसकी लागत लगभग 900 करोड़ रुपये है। यहां सवाल उठता है कि यदि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने टनल के निर्माण के समय अंतरराष्ट्रीय मानकों का कड़ाई से पालन किया होता तो सुरंग में काम करने वाले श्रमिकों और उत्तराखंड राज्य को इतनी बड़ी आपदा में इतने लंबे समय तक नहीं फंसे रहना पड़ता। नियमों के मुताबिक जब भी 3 किलोमीटर से लंबी सुरंग का निर्माण हो, तो उसमें एस्केप पैसेज बनाना जरूरी होता है। यह हर 375 मीटर पर मुख्य टनल से जुड़ा होना चाहिए, ताकि आपदा की स्थिति में सुरंग में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके।

**नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स के पूर्व निदेशक पीसी नवानी का कहना है कि पहाड़ों में सुरंग सर्वाधिक सुरक्षित विकल्प है।**



**सिलक्यारा टनल हादसा इसलिए भी शोध का विषय है, क्योंकि यह बचाव अभियान के लिए तकनीक, मानवश्रम और ईश्वरीय आस्था के साथ टीमवर्क का जीवंत उदाहरण है। इस पूरे अभियान में तमाम बचाव एजेंसियों को जोड़ा गया।**

टेंडर लेने वाली कंपनी को किसी स्वतंत्र कंपनी से इसका सेफ्टी और वित्तीय ऑडिट कराते रहना चाहिए। बिना ऑडिट रिपोर्ट की क्लीयरेंस के आगे निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। यह जांच का विषय है कि इन मानकों का पालन सिलक्यारा टनल निर्माण करने वाली कंपनी ने किया था या नहीं। फिलहाल टनल में दीपावली की सुबह 12 नवंबर को मलबा गिरने के बाद जब 41 मजदूर अंदर कैद हो गये, तो पता चला कि एस्केप पैसेज बनाया ही नहीं गया था। ऐसा क्यों हुआ? मंत्रालय और विभाग से जुड़े लोगों ने इसकी अनदेखी क्यों, किसके इशारे और दबाव में की? इन सब सवालों का उत्तर तो ढूंढना ही पड़ेगा।

जब हादसा हुआ, तो मीडिया सहित तमाम लोगों ने पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन के लिए सुरंग निर्माण पर ही सवाल खड़े कर दिये। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स के पूर्व निदेशक पीसी नवानी का कहना है कि पहाड़ों में सुरंग सर्वाधिक सुरक्षित विकल्प है। एक बार निर्माण के बाद इसकी उम्र 100 साल तक की होती है। उत्तराखंड में यह कोई पहली टनल दुर्घटना नहीं थी।

हाल के वर्षों में 7 फरवरी 2021 को चमोली जिले में रैणी क्षेत्र में ऋषि गंगा में निर्माणाधीन तपोवन विष्णुगाड़ जल विद्युत परियोजना में अचानक आयी बाढ़ से उत्पन्न आपदा में 105 लोगों के शव मिले थे। 204 लापता हो गये थे।

2004 में टिहरी बांध परियोजना में भी टी-3 सुरंग धंसने से 29 लोग दफन हो गये थे। इसके पूर्व में भी ऐसी परिस्थितियों से हिमालय का यह पर्वतीय क्षेत्र जूझता रहा है।

सिलक्यारा टनल हादसा इसलिए भी शोध का विषय है, क्योंकि यह बचाव अभियान के लिए तकनीक, मानवश्रम और ईश्वरीय आस्था के साथ टीमवर्क का जीवंत उदाहरण है। इस पूरे अभियान में तमाम बचाव एजेंसियों को जोड़ा गया। आधुनिकतम तकनीक, संचार माध्यमों, मशीनों का संचालन कर रहे तकनीशियनों, दिशा-निर्देश दे रहे विशेषज्ञों, उस पर पूरी सतर्कता और समर्पण के साथ बचाव अभियान को अंजाम तक पहुंचाने वाले श्रमिकों की भूमिका भी किसी देवता जैसी रही। सुरंग बनाने के लिए जिस बाबा बौखनाग के मंदिर को हटा दिया गया था, बचाव अभियान में बड़ी बाधा आने के बाद स्थानीय ग्रामीणों की सलाह पर छोटे से मंदिर का निर्माण किया गया। अब यहां बौखनाग के बड़े मंदिर निर्माण की घोषणा भी कर दी गयी है।

कुल मिला कर इस घटना से भविष्य में बनने वाली परियोजनाओं के लिए सुधार करने का सबक मिला है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने इसका संज्ञान लेते हुए 28 नवंबर, 2023 को ही देहरादून में ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय में आयोजित 4 दिन की विश्व आपदा प्रबंधन कांग्रेस का उद्घाटन करते समय ही हिमालय क्षेत्र में जोखिम न्यूनीकरण के लिए राज्य में ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की घोषणा भी कर दी। आने वाले समय में देश और दुनिया के लिए यह बहुत मददगार साबित होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# हेमंत सरकार की पहल: ग्रामीणों तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : विधायक मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम प्रखंड स्थित गौरडीह पंचायत भवन में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को शिविर में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल होकर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस अवसर पर शिविर में सभी विभागों के द्वारा अलग- अलग स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गयी।

विधायक मंगल कालिंदी ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में पूरे राज्य भर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जारहा है। ताकि झारखंड के हर एक व्यक्ति को उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। विधायक ने ग्रामीणों को हेमंत सरकार में मिलने वाली सरकारी योजनाओं की बिस्तृत जानकारी देते हुए सभी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक ने सैकड़ो ग्रामीणों के बीच सोना सोबरन धोती साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों व महिला समूहों के बीच परिस्थितियों का वितरण किया। मौके पर बीडीओ नाजिया अफरोज, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, मुखिया आरती सिंह, ग्राम प्रधान हिमांशु महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष श्यामापद महतो, काजल सिंह, संतोष महतो, खेदू गोप सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पोटका विधानसभा में चार योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास, ग्रामीणों ने जमकर की सरहाना

**जनता से किये गये वादों को पूरा कर रहे, जरूरत की सभी सुविधा उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य : संजीव सरदार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका विधानसभा क्षेत्र में विधायक संजीत सरदार के अनुशंसा पर स्वीकृत विकास कार्य तेजी से आगे की ओर बढ़ रही है। बीते 2019 के चुनाव से पूर्व पोटका विधानसभा क्षेत्र के लोगों से विधायक संजीव सरदार के द्वारा किये गये वादे अब दिखने लगी है। शुक्रवार को पोटका क्षेत्र के लोकप्रिय झामुमो विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों से किये गये वादे को निभाते हुए हेमंत सरकार में चार योजनाओ का एक ही दिन में शिलान्यास किया। शिलान्यास किये गए ग्रामीणों की जरूरतमंद योजनाओं में जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वी घाघीडीह पंचायत के ग्राम बेड़ाढीपा में जाहेरस्थान का चारदीवारी निर्माण, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य घाघीडीह पंचायत के ग्राम गिदीझोपड़ी में धुमकुड़िया भवन का निर्माण, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पश्चिम बागबेड़ा पंचायत के शिवधाम कॉलोनी में गोपाल ओझा के घर से पवन सेठी के घर तक पथ का निर्माण, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पश्चिम बागबेड़ा पंचायत के बागबेड़ा प्रधान टोला में धुमकुड़िया भवन का निर्माण कार्य शामिल है।

इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार के साथ क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल व विधायक संजीव सरदार प्रयास का जमकर सरहाना की। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा क्षेत्र की जनता ही सर्वपरी है। जनता की हर सुविधा उपलब्ध कराना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा चुनाव के समय जो वादे किये गये थे, आज उसे एक एक पर पूरा किया जा रहा है। ताकि पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनता को सभी तरह के सुविधा उपलब्ध हो सके।

# ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और झामुमो नेता का फूंका पुतला

**हथियाडीह में ग्राम सभा कर शंभु मार्डी को माझी बाबा और रतन लाल महतो को ग्राम प्रधान चुना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर हथियाडीह में उद्योग के लिए जमुना ऑटो लिमिटेड को जियाडा के द्वारा दिये गये 13.50 एकड़ जमीन आवंटित के ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। शुक्रवार को ग्रामीणों ने राज्य के मंत्री और हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्राम प्रधान रश्मि मुर्मू और झामुमो नेता रंजीत प्रधान का पुतला फूंका। ग्रामीणों के अनुसार किसी भी कंपनी को स्थापित करने से पहले ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य है। प्रशासन जिस ग्राम सभा का दावा कर रही है वो फर्जी है। ग्रामीणों ने बताया सभी झामुमो के नेता हैं। मंत्री चंपाई सोरेन के आदेश पर माझी बाबा व ग्राम प्रधान बने हैं। जो मंत्री के इशारे पर कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। मौके पर हथियाडीह के सैकड़ों ग्रामीण ग्राम सभा कर शंभु मार्डी को माझी बाबा व रतन लाल महतो को ग्राम प्रधान चुना। ग्रामीणों ने बताया ऋषि राज हांसदा जो खुद को माझी बाबा व रश्मि मुर्मू जो खुद को ग्राम प्रधान बता रही हैं वे इस गांव के हैं जरूर लेकिन इस मामले में कभी ग्रामसभा नहीं किया। न ही कोई बैठक की। कागजों पर ग्राम सभा कर गांव के पारंपरिक खेल के मैदान और सड़क का सौदा कर दिया। हम ग्रामीण अपने हक और अधिकार के लिए तड़पते रहे और मंत्री के इशारे पर प्रशासन ने उनके अस्तित्व और अरमानों की हत्या कर दी। जिसे हम कभी माफ नहीं कर सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया अब वे न्यायालय का रुख करेंगे। मौके पर एसडीओ पारुल सिंह, डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स सीओ गिरेन्द्र टूटी, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार, गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश कुमार शामिल रहे। हालांकि इस दौरान निर्माण स्थल पर ग्रामीणों ने विरोध नहीं किया।

वहीं एसडीओ ने अपनी मौजूदगी में प्रभावित मकानों का बाउंड्री और शौचालय निर्माण कराया। साथ ही कुछ ग्रामीणों के राशन कार्ड की स्वीकृति भी दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों से जिले में चल रहे 'आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया उनके साथ किसी तरह की नाइंसाफी होने नहीं दी जाएगी। इतना ही नहीं एसडीओ ने कंपनी के अधिकारियों से प्रभावित ग्रामीणों को तत्काल कंपनी में काम देने का निर्देश दिया। जिसे कंपनी के अधिकारियों ने मान लिया।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हेमंत सरकार का मुख्य उद्देश्य : संजीव सरदार





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा के मध्य घाघीडीह रानीडीह प्राथमिक विद्यालय के पास फुटबॉल मैदान में हेमंत सरकार द्वारा चलाये जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर विधायक के साथ पंचायत प्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

शिविर में क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। पोटका विधानसभा क्षेत्र में आम लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार के द्वारा बच्चों से लेकर बड़ों तक परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। वही ठंड को देखते हुए बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण व अन्य लाभुकों के बीच पेंशन सर्टिफिकेट का वितरण किया गया।

मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचना हेमंत सरकार का मुख्य उद्देश्य है। विधायक ने कहा मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे राज्य भर में सरकार आपकी द्वार तक पहुँचकर सुदूर ग्रामीण व जरूरतमंद जनता को लाभान्वित करने के लिए कटिबद्ध है। ताकि राज्य के एक एक जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इसी दिशा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अंतिम व्यक्ति तक को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## महिलाओं से तीन लाख की लूट

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय में शुक्रवार को दिनदहाड़े स्वयं सहायता समूह की दो महिलाओं से 3 लाख रुपये लूट कर दो मोटरसाइकिल सवार अपराधी फरार हो गये। जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। महिलाओं द्वारा बताया गया कि हम चारों के द्वारा ग्रामीण बैंक से समूह के ऋण खाते से 3 तीन लाख रुपये का निकासी कर पैसा को झोला में लेकर बैंक से एक साथ घर जाने के लिए निकली थी। परंतु बस स्टैंड में जरूरी काम से मैमुन बीबी और खुशबुन बीबी रुक गयी। पैसा का झोला शमा बीबी के पास था जिसे लेकर हसबुन बीवी के साथ हम दोनों साथ घर जा रही थी की बस स्टैंड से महज 300 मीटर की दूरी पर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आये और झोला छीन कर भाग गये। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## पेशका और ओखरगड़ा को प्रखंड बनाने की घोषणा की थी

# वादों से मुकर गये सीएम : गिरिनाथ

**90 फीसदी विकास योजनाएं बालू के अभाव में बंद पड़े हैं**

**15 दिसंबर तक नहीं सुधार हुआ तो बालू को लेकर सरकार के विरुद्ध उग्र आंदोलन करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन पर जिलावासियों को काफी उम्मीद थी। लेकिन लोगों को निराशा ही हाथ लगी। पेशका गांव के जिस धरती पर खड़े होकर मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उसी धरती पर उन्होंने वर्ष 2019 में पेशका को प्रखंड बनाने की घोषणा की थी। लेकिन चार साल सरकार चलाने के बाद वे अपना वादे से मुकर गए। उक्त बातें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता गिरनाथ सिंह ने एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पेशका को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर पेशका निवासी डॉक्टर विश्वनाथ ठाकुर का नेतृत्व में पेसका प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन किया जायेगा। वहीं ओखरगड़ा में गंगा प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में ओखरगड़ा प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति भी आंदोलन में शामिल होगी। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि बेरोजगार युवकों को नौकरी देने का वादा भी फेल हो गया। बालू की किल्लत पूरे गढ़वा जिला में है। लेकिन सरकार इस पर नहीं बोल रही है। जिले का 90 फीसदी से ऊपर की विकास योजनाएं बालू के अभाव में बंद हो गयी है। और सरकार विकास की बातें कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को वे 15 दोनों का समय देते हैं। अगर 15 दिसंबर तक स्थायी रूप से गढ़वा के लोगों को बालू नहीं मिलेगा, तो पूरे जिला में बालू को लेकर उग्र आंदोलन किया जायेगा। और इसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही सरकार की होगी। प्रेस वार्ता में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरिंद्रनाथ पांडेय, अरविंद मिश्रा और संजय कांस्यकार उपस्थित थे।

## आरकेवीएस में कार्यशाला का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आर के वी एस (बीएड कॉलेज) रेहला रोड, गढ़वा के सभागार में श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विभाग झारखंड सरकार द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य कॉलेज के सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच अपने कैरियर के प्रति जागरूक करना और सरकार द्वारा नियोजनालय के माध्यम से समय-समय पर रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने की जानकारी का प्रसार प्रचार करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी सरवन कुमार, हेमंत, मंगल, अंगद, पंकज आदि बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय के द्वारा सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## विश्व एड्स दिवस पर छात्राओं को एड्स बीमारी से बचाव और सावधानियों के बारे में बताया गया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय राजकीय कृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स बीमारी की सावधानियां और बचाव के बारे में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक की छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यालय के आरोग्य दूत प्रमोद कुमार और जयंती कुमारी ने किशोरों ओर किशोरियों को बताया कि एड्स, एचआईवी वायरस से संक्रमण के कारण होने वाली बीमारी है ये आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाकर, एचआईवी वायरस शरीर के संक्रमण और बीमारी से लड़ने की क्षमता को काफी कमजोर कर देता है। ये यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) के अलावा ये संक्रमण संक्रमित रक्त के चढ़ाने, संक्रमित व्यक्ति को लगे इंजेक्शन के उपयोग से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से इसके बच्चे में भी होने का खतरा देखा जाता रहा है।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



रमना (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के निर्देश पर प्रखंड अंतर्गत भागोडीह पंचायत भवन के परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद् अध्यक्ष शांति देवी, बीडीओ संजय कुमार, प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया रीता देवी ने दीप प्रज्वलित कर सामुहिक रूप से किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम लोगों तक पहुंचकर समस्या का निदान करना है। वही प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि इस तरह का सरकार के द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है। बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि इस कैंप के माध्यम से सभी प्रकार का समस्या का आवेदन लिया जा रहा है। कार्यक्रम में कुल आवदेन 1025 प्राप्त हुआ। जिसमें से आबुआ आवास 618, मनरेगा से 170,केसीसी से 12, कृषि से 19, सिंचाई से 19, वहीं जेएसएलपीएस, पशुपालन, बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग से आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर भगोडीह मुखिया रीता देवी, रमना मुखिया दुलारी देवी, मडवानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, कर्णपुरा मुखिया अजीत पांडेय, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी, बहियार कला मुखिया सावित्री देवी, बीडीसी कविता विश्वकर्मा, प्रखंड सहायक रामानुज शुक्ल, पंचायती राज विक्रांत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# रौशन पाठक झामुमो में शामिल

## पूर्व विधायक का राइट हैंड माने जाते थे

आजाद सिपाही संवाददाता



फोटो : माला पहना कर शामिल कराते मुख्यमंत्री

**गढ़वा।** गढ़वा- रंका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी का राइट हैंड कहे जाने वाले प्रकाशचंद्र पाठक उर्फ रौशन पाठक ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की मौजूदगी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष श्री पाठक झामुमो में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ने माला पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल किया। ज्ञात हो कि रौशन पाठक पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के राइट हैंड कहे जाते थे। गुरुवार को पलामू में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया। झामुमो में शामिल होने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री पाठक ने कहा कि वे मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। आम लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वे लगातार प्रयास करेंगे।

# भानु के भांजे स्व प्रशांत सिंह और उनके चार साथियों को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के आवास पर शुक्रवार को स्व प्रशांत सिंह और उनके चार साथियों के चौथी श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। विधायक भानुप्रताप शाही के भांजे एवं उत्तर प्रदेश के नगवा ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता स्व प्रशांत सिंह सीमावर्ती सोनभद्र जिले के शक्ति नगर निवासी चैतन्य गिरी ,बिहार के रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के भीसड़ा गांव निवासी उमा सिंह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी प्रशांत कुमार उर्फ टिंकू सिंह का चौथी पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर सभी पांचों दिवंगत आत्माओं के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि मृत्यु सत्य है, और शरीर नश्वर हैं।

**ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान प्रदान करें :** पुण्यतिथि पर विधायक ने क्षेत्र के हजारों गरीब असहायों के बीच की कम्बल का वितरण किया। मौके पर अलखनाथ पांडेय, सूरज गुप्ता, बबलू पटवा, मधुलता कुमारी, मनोज पहाड़िया, संजय यादव, लक्षुमन राम, मोहन, जोखू समेत उनके हजारों लोग उपस्थित थें।

# अब राजनीति में विकल्प बनेगा निषाद समाजः पुर्व मंत्री मुकेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो सह बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी शुक्रवार को डंडा प्रखंड के छपरदगा पंचायत स्थित रजई विजय के मैदान में निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को लेकर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके उन्होंने कहा कि एक रोटी कम खाना है। लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की जरूरत है। और अपने हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम निषाद हैं जो हमारे नाव पर बैठेंगे वहीं दिल्ली में सरकार बनायेंगे। नाव में बैठने से पहले हमें आरक्षण देने होंगे, तभी नाव में बैठने दिया जायेगा। इस मौके पर झारखंड प्रदेश प्रभारी चंदन सहानी जिला अध्यक्ष सरोज, प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप, प्रदेश सचिव रमेश समेत कई लोग उपस्थित थे।

# तीन को पैर पुजायी करेगा राजद

आजाद सिपाही संवाददाता




**लालू प्रसाद यादव के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर किया जा रहा है कार्यक्रम**

**गढवा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अशोक विहार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 3 दिसंबर दिन रविवार को समय 10:00 बजे दिन से देवतुल जनता मालिकों का पैर पुजायी कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूरे प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव होंगे। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद गुप्ता पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान और प्रदेश स्तरीय नेता उपस्थित रहेंगे। पैर पुजायी कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों में किया जायेगा। कार्यक्रम राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर किया जा रहा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री आर्थिक न्याय के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के आव्हान पर सुभाष प्रसाद यादव के निगरानी में कार्यक्रम होगा। जिसमें हजारों की संख्या में देवतुल्य जनता मालिकों का पैर पूजाई होगा। साथ ही साथ भोजपुरी के सुपरस्टार मगध सम्राट सुदर्शन यादव व्यास जी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। प्रेस वार्ता में राजद प्रदेश सचिव डॉ मकबूल आलम शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ पासवान सहित अन्य साथी उपस्थित थे।


## कार्यालय, हजारीबाग नगर निगम

### शुद्धि पत्र

अति अल्पकालिन दर उद्धरण आमंत्रण सूचना संख्या– 30/2023–24

PR No. 311557 Urban Development and Housing (23-24):D

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत– Chair Bench with Hand rest With Installation हेतु मुहरबंद दर उद्धरण निर्माता, प्राधिकृत विक्रेता आपूर्तिकर्ता से आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नामः– प्रशासक, नगर निगम हजारीबाग।
2. दर उद्धरण प्राप्ति की तिथि स्थान एवं समयः– 11.12.2023 हजारीबाग नगर निगम प्रकोष्ट। (11:30 बजे पूर्वाहन से 2:00 बजे अपराहन तक)
3. दर उद्धरण खोलने का स्थान एवं समयः– हजारीबाग नगर निगम कार्यालय, दिनांक 11.12.2023 समय 3:00 बजे अपराहन

| क्रं॰ | विवरणी | मत्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | Chair Bench with Hand rest<br>Specification:- M-30 Grade of Concrete by Video Compaction process using accurately designed mould<br>Length- 1500mm<br>Width- 690mm<br>Height- 870mm | प्रति ईकाई | |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग।

PR 312502 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)



## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

### शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा सं0 61/23–24 जिसका पी0आर0संख्या 312344 (Road) 23-24(D) में भूलवश कुछ त्रुटि है जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय।

e-Tender Reference No.-RCD/FSD/AP/RAN/61/23-24 Dated 29.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of Two Lane/Two Lane with Paved Shoulder road for Giridih bypass (towards Tu ndi) road ,including replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Plan including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Plan and Forest Diver sion Proposal etc as required, at Giridih in the state of Jharkhand . **(Excluding Inception and Feasibility Report)** from Consultant's empanelled in Category -I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 30 Km, |
| 3- | Work completion time | 90 Days |
| 4- | Cost of Tender Fee | 5,000.00 (Five Thousand, through online Submission) |
| 5- | Cost of EMD | 60,000.00 (Sixty Thousand, through online Submission) |
| 6- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 01.12.2023, 05.00 PM |
| 7- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 18.12.2023, 12.30 PM |
| 8- | Date and Timing of Bid opening | 19.12.2023, 12.30 PM |

शेष बिन्दु यथावत रहेगा।
For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR 312480 Road(23-24)D



## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Municipal Corporation, Hazaribag

e- Procurement
Short Notice Inviting Tender
Reference No. - UDD/HMC/HZB/34/2023-24

**1. Detail of work**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C. Road from H/O Mahavir Prasad Mehta to H/O D.S.P Ashok priyadarshi via Raju Mehta & Birendra Mehta in Haribabu colony in Ward No. - 06 (Six) under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag. | 15,64,500/- | 31,000/- | 5,000/- | 90 Days |
| 2. | Repair of B.T. Road around Gandhi Maidan West to East in Ward No. - 12 (Twelve) under Municipal Corporation, Hazaribag | 23,94,500/- | 50,000/- | 5,000/- | 90 Days |
| 3. | Construction of Yatri Shed Steel Work at 10 Places under Municipal Corporation, Hazaribag. | 20,16,100/- | 41,000/- | 5,000/- | 90 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 04.12.2023 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 12.12.2023 up to 5:00 P.M. | | | |
| 4. | Bid Opening date | 14.12.2023 at 11:00 A.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR.NO.312432 Urban Development and Housing(23-24):D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
### कार्यालय- भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग-सह-रामगढ़

E-Mail ID – scso.hzb@gmail.com

### आम सूचना

राज्य योजनान्तर्गत् वित्तीय वर्ष 2023–24 में हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्प्स/पैक्स को योजना लागत कुल रूपये 6.25 लाख का (अधिकतम रू॰ 5.00 लाख) अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्प्स/पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू॰ 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू॰ 1. 60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् है –

| S.N. | Detail of Agri. Machine | Total Package cost for group (Rs. in lakhs) | Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mini Tractor (12.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. | 6.25 | 5.00 | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य हजारीबाग ओ॰एस॰पी॰ – 10 हजारीबाग एस॰सी॰एस॰पी॰– 04 रामगढ़ ओ॰एस॰पी॰ – 05 |
| 2 | Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power-ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | |
| 3 | Power Weeder/Rotary Tiller | | | |
| 4 | Self Propelled Rice Transplanter | | | |
| 5 | Self Propelled Reaper | | | |
| 6 | Rice Huller with Polisher | | | |
| 7 | Mini Rice Mill | | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible – Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | |
| 9 | Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes) | | | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य हजारीबाग ओ॰एस॰पी॰ – 07 हजारीबाग एस॰सी॰एस॰पी॰– 03 रामगढ़ ओ॰एस॰पी॰ – 05 |
| 10 | Mini Tractor Compatible Disc Harrow (8-10) | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible Seed cum Fertilizer Drill | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal Mounting Frame | | | |
| 14 | Paddy Thresher | | | |
| 15 | Wheat Thresher | | | |
| 16 | Paddy Harvester | | | |
| 17 | Post Harvest Equipments – Four Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | |
| 18 | Alternator 10-15 Kw | | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with Suction Pipe 5-8 Kw Compatible Power Source | | | |
| 20 | 63mm/75mm HDPE Pipe Maximum upto 500 Feet (BIS Certification) | | | |
| | **Total Cost** | **6.25** | **5.00** | |

**लाभुक का चयन की पात्रता :–**

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–हजारीबाग/रामगढ़ द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा या बैंक ऋण के माध्यम से कृषि यंत्र क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा या लाभुक समूह के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के बैंक खाते में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय (कनहरी हील रोड), हजारीबाग/जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़ एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कार्यालय हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ह॰/–
भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 312444 Animal Husbandry (23-24)_D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

## नयी शुरुआत : लोकेश मिश्रा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा

# वीआर तकनीक से कल्याणकारी योजनाओं की ले सकेंगे जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र की जनता के बीच योजनाओं से संबंधित जागरूकता लाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से हाईटेक तरीके से योजनाओं के प्रचार-प्रसार की शुरूआत शुक्रवार को की गयी। ग्रामीण क्षेत्र की जनता अब वीआर (वर्चुअल रियलिटी) तकनीक से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ले सकेगी। डीसी लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ पंचायतों में जाकर लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी। डीसी ने कहा कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी सुयोग्य तक पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि लोगों को जागरूक किया जाए। इसी दिशा में एक पहल है, ताकि प्रचार प्रसार के विभिन्न माध्यमों के साथ ही लोगों को वर्चुअल रियलिटी तकनीक से भी योजनाओं की जानकारी दी जा सके। इससे लोग मनोरंजक एवं आसान तरीके से योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे। डीसी ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फुलो झानो आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सर्वजन पेंशन, पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना व राज्य सरकार की अन्य जनहितकारी योजनाओं के संबंध में आम जनों को जागरूक किया जाएगा। उन्होने बताया कि किसानों को प्रशिक्षण एवं तकनीक की जानकारी देना हो या आर्थिक सहायता, बालिका शिक्षा को बढ़ावा, हड़िया दारू बेचने वाली महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, युवाओं को स्वरोजगार के लिए सब्सिडी पर ऋण उपलब्ध कराने जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं जिले में संचालित की जा रही हैं। जरूरत है कि लोग जागरूक होते हुए योजनाओं का लाभ लें। मौके पर उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आइटीडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी लोकेश मिश्र व अन्य।

## डीसी और डीडीसी ने किया हैंडलूम कारखाने का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकश मिश्रा और डीडीसी नीतीश कुमार सिंह ने शुक्रवार को मारंगहादा पंचायत के जीपसुडीह और सीनीगुटू का दौरा कर जीपसूडीह ग्राम में निवुचा बुनकर समिति द्वारा संचालित हैंडलूम कारखाने का अवलोकन कर बुनकरों की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने बुनकरों से बातचीत कर पारंपरिक साड़ी, शॉल सहित अन्य वस्तुओं के उत्पादन की मात्रा बढ़ाने की बात कही, ताकि अधिक आपूर्ति कर अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने संबंधित सरकारी योजना से लोन लेकर अपने करोबार को बढ़ाने की सलाह दी। बुनकर चाड़ा स्वांसी ने डीसी को बताया कि हैंडलूम कारखाने में 14 बुनकर मिलकर सूती की साड़ी, गमछा, टेबल क्लोथ, चादर और वूलेन शॉल, मफलर आदि की बुनाई करते हैं। कच्चा माल रांची से खरीदकर लाया जाता है। उसने बताया कि हैंडलूम बुनाई के कारण उत्पादन की गति काफी कम होती है। आर्डर मिलने के अनुरूप आपूर्ति करने में सक्षम नहीं हो पाते है। इस पर डीसी ने बुनकरों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बुनकरों को सलाह दी कि सरकारी लोन लेकर बुनाई के लिए मशीने खरीदकर अपने करोबार को बढ़ा सकते हैं। मौके पर बुनकरों ने बुनाई शेड की मरम्मत और आवास देने की मांग की। डीसी ने बताया आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जाकर अबुआ आवास योजना के तहत आवेदन देकर आवास प्राप्त किया जा सकता है।



## डकरा आरआर शॉप में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को दी विदाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा आरआर शॉप में एक सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त परियोजना पदाधिकारी जी बंधोपाध्याय एवं बहादुर उरांव को विदाई दी गई। उन्हें उपहार भेंट किया गया। साथी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। परियोजना पदाधिकारी जी बंदोपाध्याय ने कहा कि आरआर शॉप में उन्हें अधिकारी कर्मचारियों ने काफी सहयोग किया गया है। वे हमेशा उनके दिलों में बसे रहेंगे। इस मौके पर मानदेव राम, प्रत्यूष प्रताप, पतरस कुल्लू, कन्हाई पासी, महेंद्र राम, विनोद महतो, तुलसी महतो, सहजाद अंसारी, राम परिखा राम, जीतवाहन गंझू, जागेश्वर महतो, राम चंद्र राम, ताजमूल अंसारी, लक्ष्मण पासी, कृष्णा नोनिया, जगलाल मांझी, संतोष विश्वकर्मा, महेन राम, राम भरोसे, जगदीश चौहान, रामायण प्रसाद ग्वाला, छोटू नोनिया, निमय मरांडी, किसान डोम, रवि कुमार, प्रदीप कुमार, संदीप उरांव, गोवर्धन महतो, राम देव मांझी, धनिक लाल महतो, जगदीश सतनामी, भोला राम, ठाकूर राम सतनामी, सचिन कुमार, शिव रतन विश्वकर्मा आशा देवी, सिबिरिया लकड़ा, प्रमिला देवी रूखमणी बाईसान, लक्ष्मी देवी सोहबतिया देवी, विद्योतमा देवी, गीता देवी और सूनिता देवी आदि उपस्थित थीं।

## बृज किशोर पासवान के अध्यक्ष बनने पर पिपरवार के लोगों ने दी बधाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इम्पलाईज कोऑर्डिनेशन कांउसिल के सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान को काउंसिल का कोल इंडिया अध्यक्ष बनाये जाने पर काउंसिल के पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी द्वारा बधाई दी गई है। काउंसिल के सदस्यों ने बताया कि डब्ल्यूसीएल में आयोजित काउंसिल की बैठक सह सेमिनार में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी ने सीसीएल के महामंत्री बृज किशोर पासवान के बेहतर कार्य को देखते हुए उन्हें कोल इंडिया अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा नंद किशोर मंडलिक को महासचिव और बाबा पूसाम को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इधर, बृज किशोर पासवान को काउंसिल का कोल इंडिया अध्यक्ष बनाए जाने पर पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी ने बधाई दी, जिसमें काउंसिल के सीसीएल उपाधक्ष इकबाल हुसैन, पिपरवार सचिव रतन लाल, रामचंद्र उरांव, रामेश्वर भोगता, एसडी राम, रोशन गुप्ता, चंदन कुमार और गणेश भुइंया आदि शामिल है।

## जियारप्पा में पारंपरिक देवठान जतरा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जियारप्पा गांव में शुक्रवार को देवठान जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में देवगई, बेड़ो बरटोली, भंडरा, बरकारगी, डुमरदागा, चट्टी कनाडीह, गड़के, जियारप्पा सहित कई गांवों के लोगों ने अपने सांस्कृतिक दलों के साथ भाग लिया। मौके पर पारंपरिक सांकृतिक नाच-गान प्रतियोगिता का आयोजन कियश गया, जिसमें विभिन्न दलों ने अपनी कला से लोगों का मन मोह लिया। देवठान जतरा के मौके पर फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। युवा कांग्रेस के खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा ने विजता टीम को खस्सी देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के बीच जर्सी का भी वितरण किया। साथ ही खिलाड़ियों को भी आश्वस्त किया कि खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। संगा ने कहा कि इस पारंपरिक देवठान जतरा और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। मौके पर बहा मुंडा, दशरथ, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष उस्मान खान आदि मौजूद थे।

## प्रधान जिला जज ने किया चलंत लोक अदालत का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर से चलंत लोक अदालत सह न्याय आपके द्वार वैन (चलंत न्यायालय) का शुभारंभ डालसा अध्यक्ष द्वारा वैन को हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह कार्यक्रम एक से 31 दिसंबर तक चलेगा। डालसा सचिव ने बताया कि यह न्याय रथ जिले की हर पंचायत तक पहुंच कर लोगों की छोटी-मोटी समस्याओं का वही तुरंत निष्पादन करेगा। इस वाहन के साथ खूंटी जिले के अधिवक्ता और पीएलवी सुदूर क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करेंगे। यह कार्यक्रम न्याय आपके द्वार पर आधारित है, जो बिल्कुल निःशुल्क है। यह आम जनों के लिए एक सुला अवसर है। इससे अधिक से अधिक लाभ उठाएं। डालसा सचिव ने कहा कि एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस भी है। इस अवसर पर सदर अस्पताल में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के सहयोग से एड्स निवारण और बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया और चलंत लोक अदालत वाहन के साथ एड्स जागरूकता रैली का भी शुभारंभ अस्पताल परिसर से किया गया। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक एलएडीसी चीफ, डिप्टी चीफ, डालसा सहायक, कर्मचारी, स्थायी लोक अदालत के सदस्य, प्रखंड और सदर अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।




## बुंडू के तुंजू प्रखंड में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुंजू पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हालांकि यहां भी ग्रामीण नाराज दिखे। वे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पूर्व में दिए आवेदन के बारे में पूछते दिखे। कई लोग ऐसे भी मिले जिनका पहले दिए गए आवेदन पर कार्य नहीं हुआ है। वे इस कार्यक्रम से क्रोधित हो गए। इससे कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था का माहौल था। सभी सरकारी कर्मी धीरे-धीरे कार्यक्रम से खिसकते नजर आए। आनन-फानन में विभिन्न विभागों के 1719 आवेदन आये जिसमें सिर्फ अबुआ आवास योजना से 791 आवेदन और नया जॉब कार्ड में 75 आवेदन दिया गया। बाकि 918 आवेदन में 260 आवेदन का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम की आवश्यकता को लेकर बुंडू जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल व जन प्रतिनिधि खासे नाराज दिखे।



### सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम से लौटे युवाओं का सीआरपीएफ कैंप में स्वागत

## ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से देश की संस्कृति और विकास को समझने में मिलती है मदद: पीआर मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** 94वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खूंटी और नेहरू युवा केंद्र रांची के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 2023-24 में भाग लेकर कोलकाता से खूंटी लौटे युवाओं का शुक्रवार को 94वीं बटालियन परिसर में अधिकारियों द्वारा स्वगत किया गया। यह दल कोलकाता के लिए 23 नवंबर को रवाना हुआ था। 20 युवाओं के इस दल ने कोलकाता में 24 से 30 नवंबर तक चले आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग। खूंटी पहुंचने पर सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्रा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान आदिवासी युवाओं ने अधिकारियों के साथ यात्रा के अनुभव साझा किये और कहा कि उन्हें बहुत कुछ सीखने और देखने का मौका मिला। बताया गया कि कोलकाता गए युवकों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ और साथ ही पांच हजार की नगद राशि पुरस्कार के रूप में मिली। विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे युवाओं को प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्र ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से प्रदेश के आदिवासी युवाओं को देश के अन्य हिस्से से आए युवाओं के साथ विचार साझा करने का अवसर मिलता है। उन्होंने औद्योगिक और ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से देश की संस्कृति और आर्थिक विकास को समझने में मदद मिलती है और प्रतियोगिताओं में पुरस्कार मिलने से उनमें छिपी प्रतिभा को निखारने की प्रेरणा मिलती है। इससे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। ऐसे अनुभव भविष्य में व्यक्ति को देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होता है। उन्होंने सभी युवा प्रतिभागियों से यात्रा के अनुभव अपने मित्रों, घरों और पड़ोसियों से साझा करने तथा ग्रामीण मित्रों को भी देश के विकास में सहयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीएम की पहल पर पत्रकार को आर्थिक मदद



**तोरपा (आजाद सिपाही)।** पत्रकार भूषण कांशी को इलाज के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गयी। कांके रोड स्थित सीएम हाउस में पत्रकार भूषण कांशी को एक लाख रुपये का चेक झामुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद द्वारा सौंपा गया। जानकारी के अनुसार भूषण कांशी को गले में टीयूमर हो गया था। डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी थी। इस पर लगभग एक लाख रुपये का खर्च अस्पताल द्वारा बताया गया था। पर आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण भूषण ईलाज कराने में असमर्थ था। भूषण ने अपनी समस्या झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद को बताई। जुबैर अहमद एक आवेदन तैयार कर मुख्यमंत्री से मिले। मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एक लाख रुपए की राशि पत्रकार की मदद के लिए स्वीकृत कर दी। उधर, इलाज के लिए मदद मिलने के बाद पत्रकार भूषण कांशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के प्रति आभार व्यक्त किया।

### इस्लाम अंसारी ने की विधायक किशुन दास से मुलाकात



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के मजदूर नेता इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सिमरिया विधायक किशुन दास से उनके आवास पर मुलाकात किया। विधायक को क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया गया। मजदूर नेता इस्लाम अंसारी ने विधायक को बताया कि मंगरदाहा के विस्थापित ग्रामीणों ने अपनी जमीन देकर सीसीएल प्रबधंन को खदान चालु करने दिया। यहां के ग्रामीणों ने मंदिर-मस्जिद आदि सभी धर्मस्थल सीसीएल पिपरवार क्षेत्र को दे दिया, इसके बावजूद यहां के कई ग्रामीणों को अभी तक नौकरी और मुआवजा नहीं दिया गया है। खदान खुलने के बाद यहां के ग्रामीणों को न्यू मंगरदाहा, कल्याणपूर और चिरैयांटांड़ पुर्नवास केंद्र में बसाया गया, लेकिन आज भी यहां के विस्थापित ग्रामीण मूलभूत सुविधा से वंचित है। गांव में सड़क, पीने का पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधा नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। यहां के ग्रामीण कई तरह की बीमारी से ग्रसित है, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था की कोई सुविधा नहीं है। प्रबंधन सिर्फ कोयला निकाल कर मुनाफा कमा रही है। उन्होंने विधायक से अप समस्याओं के समाधान की मांग की। वही विधायक ने जल्द ही गांव का दौरा कर समस्याओं के समाधान करने का भरोसा दिया।इस मौके पर इस्लाम अंसारी,लियाकत अंसारी, आशिक अली आदि थे।

### मजदूर नेता पर केस दर्ज कराने का श्रमिक प्रतिनिधि ने किया विरोध



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के एनके एरिया में महिला अधिकारी द्वारा मजदूर नेता ललन सिंह पर केस दर्ज कराने का मामला तुल पकाड़ता जा रहा है। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी ने इसकी निंदा की है। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष केके चतुर्वेदी और क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता ने कहा कि कोयला खदान में उत्पादन प्राप्त कर प्रबंधन को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में मेहनतकश मजदूर और श्रमिक प्रतिनिधियों का अहम योगदान रहता है। ऐसे में अधिकारियों की अभद्र व्यवहार और इस तरह की हरकत कोयला उद्योग के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसे मामलों पर प्रबंधन को गंभीर होकर आपसी बैठक कर मामले को सुलझाना चाहिए। एनके एरिया में महिला अधिकारी के द्वारा मजदूर नेता ललन सिंह पर किये गये केस निंदनीय है। आरकेएमयू के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष केके चतुर्वेदी और क्षेत्रिय सचिव भीम प्रसाद मेहता ने कड़ी निंदा करते हुए एनके प्रबधंन से जल्द मामले को गंभीरता से लेते हुए विवाद को समाप्त करने की मांग की है।

### शौचालयों के आंकलन का दिया गया प्रशिक्षण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** 19 नवंबर से 25 दिसंबर तक वर्ल्ड टॉयलेट डे के तहत नगर पंचायत बुंडू क्षेत्रांतर्गत विभिन्न सीटीपीटी टॉयलेट की साफ-सफाई और आकलन किया जा रहा है। एसएचजी महिलाओं को इस संबंध में आकलन का प्रशिक्षण दिया जाना है जिसके माध्यम से टॉयलेट का ग्रेडिंग किया जाना है। नागरिकों के बीच सीटीपीटी टॉयलेट को प्रयोग व साफ -फ्फाई रखने के लिए प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। सभी टॉयलेट को कार्यरत असेंबल क्लीन इको फ्रेंडली से प्रयोग के आधार पर आकलन किया जाना है। नगर पंचायत इस कंपीजन में पूर्ण रूपेण सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है।

### डीएवी स्कूल में विश्व एड्स दिवस का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को एड्स से बचाब संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। बीमारियों से बचाव व जागरूकता के लिए कई बातें बताई गई। यह एक संक्रामक बीमारी है जो मानवीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विषाणु एचआईवी संक्रमण के बाद होती है। एचआईवी संक्रमण के बाद शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पूर्णतः घटने लगती है। यह रोग संक्रमित रक्त व संक्रमित सुई से फैलता है। प्रत्येक वर्ष एक दिसंबर को विश्व दिवस मनाया जाता है। अभी तक इस संक्रामक रोग का पूर्ण रूप से उपचार संभव नहीं है। संक्रमित व्यक्ति के लक्षणों से ही इसका पता चलता है। विद्यालय के 9वीं की छात्रा निधि ने एड्स दिवस पर अपना भाषण दिया। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को जागरूक रहने की सलाह दी है। समाज के लोगों को जागरूक करना ही एड्स से मुख्य बचाव है। सभी शिक्षक इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# मनरेगा कर्मियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही



संघ के अध्यक्ष ने कहा बिना शर्त सेवा बहाली तक जारी रहेगी हड़ताल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्ववाधान में प्रखंड परिसर में शुक्रवार को प्रखंड में कार्यरत दो ग्राम रोजगार सेवक और कनीय अभियंता की सेवा बर्खास्त करने के विरोध में धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त के नाम बिना शर्त सेवा वापसी करने का मांग सह अनुरोध पत्र सौंपा गया। रांची जिला के सभी मनरेगा कर्मी चान्हो प्रखंड पहुंच कर विरोध किया, कर्मियों ने कहा कि जब तक इनकी सेवा वापस नहीं की जाती हैं तब तक रांची जिला के मनरेगा कर्मी कार्य बहिष्कार करते रहेंगे, जरूरत पड़े तो सभी सामुहिक त्याग पत्र दे दिया जायेगा, उनका कहना है कि चार साल बाद योजना की जांच कि जाती हैं, कच्चा काम चार साल बाद कैसा रहेगा, आम बागवानी की योजना जब लग रहा था उस समय मनरेगा कर्मी 64 दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे, तो फिर मनरेगा कर्मी पर आरोप कैसे लगा। दिनांक 17/10/23 पत्रांक 1226 (i i) को जिला ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बर्खास्तगी का पत्र जारी किया गया, एक माह बाद पत्र दिया गया, एक माह तक तीन बर्खास्त मनरेगा कर्मी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

इस मौके पर मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जोन पिटर बागे, रांची जिला अध्यक्ष संजय प्रमाणिक, प्रदेश संरक्षक बिरेंद्र सिंह भोगता, पूर्व डी डी सी परमेश्वर भगत, मुखिया अध्यक्ष भोला उरांव, शिव उरांव, महादेव उरांव, एनामुल हक, मो रिजवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## दैनिक भोज में करें मिलेट्स का उपयोग : डॉ अरुण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के उपलक्ष्य में कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन हुआ। बतौर रिसोर्स पर्सन बिरसा कृषि विवि के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार ने सत्र को संबोधित कर मिलेट्स (मोटा अनाज) के उपयोग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने पुष्प गुच्छ देकर रिसोर्स पर्सन डॉ अरुण कुमार का स्वागत किया। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि वे बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिये अपने अपने दैनिक भोज्य पदार्थ में मिलेट्स यथा ज्वार, बाजरा, माडुआ, कोदो, रागी, कूटकी का उपयोग शामिल करें। उन्होंने इसकी पोष्टीकता और इनमे पाए जाने वाले रोगों से लड़ने की प्रतिरोधत्मक क्षमता के बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा इसके इसकी पैदावार बढ़ाने के लिये किसानों को दी जा रही मदद व चलाये जा रहे स्कीम से संबंधित जानकारी भी दिया। बता दें कि मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर वैश्विक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है और यही कारण है कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। चर्चा के दौरान प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन के अलावा डॉ ए भट्टचार्य, डॉ पी एस शर्मा, डॉ विजय शंकर, डॉ शालिनी सिंह आदि वरिष्ठ शिक्षक मौजूद थे।

## शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करनेवाले बच्चों को किया गया प्रोत्साहित : सतीश बड़ाइक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में बच्चों के उपस्थिति बढ़ाने हेतु शुक्रवार को प्रार्थना सभा में नवंबर माह में शत प्रतिशत उपस्थित होने वाले बच्चों के बीच विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक व सहायक शिक्षिका निर्मला कुजूर ने शिक्षण सामग्री देकर व लड्डू खिलाकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चे शिक्षण सामग्री पाकर और लड्डू खाकर काफी खुश दिखे। शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने बताया बच्चों को प्रोत्साहित होते देख दुसरे बच्चे भी प्रेरित होंगे और नियमित रूप से विद्यालय आएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक निर्मला कुजूर, आशा कुमारी, मो मुस्तफा अंसारी, प्रभा देवी, सुषमा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** संत जगत ज्ञान महर्षि में पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर दशम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जहां छात्र छात्राओं ने स्मार्ट सिटी, स्मार्ट विलेज, वाटर साईकल, रैन हार्वेस्टिंग, पार्लियामेंट, शोलर सिस्टम, प्लांट जैसे एक से बढ़कर एक विज्ञान कला व कंप्यूटर के मन मोहक मॉडल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा शालिनी एक्का प्रो इंद्र मोहन राय, विनोद शर्मा, डा अजय कुमार राज, डा दीपिका पूर्णिमा रेड्डी विद्यालय के प्रबंधक पंकज राज, प्राचार्य संदीप राज, जसवंति देवी, उपप्राचार्या सुनीता सिंह व रोशनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों व अभिभावकों द्वारा एक-एक मॉडल को बारीकी से अवलोकन किया गया। डा शालिनी एक्का ने कहा कि इस तरह के प्रदर्शनी के आयोजन से बच्चों का हौसला बढ़ता है। साथ ही प्रतिस्पर्द्धा की भावना जागृत होने से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं स्कूल के संस्थापक पंकज राज ने बच्चों द्वारा लगाई गई कला और विज्ञान प्रदर्शनी की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है।और बच्चों में शिक्षा का सवार्गीण विकास होता है। प्रदर्शनी भाग लेने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वालो को मेडल व शील्ड देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

# अनगड़ा : सांसद संजय सेठ और आदित्य साहू ने करोड़ों की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** रांची सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू नें शुक्रवार को अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में सांसद निधि से बनने वाले करोड़ो की विकास योजनाओं का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। सबसे पहले नारायण सोसो गांव में पेभर ब्लॉक पथ निमार्ण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद लुपूंग गांव में तालाब के पास दशकर्म शेड का निर्माण, बेड़वारी झटनी टुंगरी गांव में पीसीसी पथ निर्माण, राजाडेरा पंचायत के साशनबेड़ा गांव में पेभर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य और बोंगईबेड़ा पंचायत के बेनियाजारा गांव में गरूड़ फॉल तक पेभर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर दोनों सांसदों ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार गांवों में खासकर सुदूर इलाकों में लोगों को सड़क, पेयजल, बिजली, चिकित्सा आदि मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति कृतसंकल्प है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ भाजपा बगैर किसी भेदभाव के लोगों की समस्याओं का सामाधान कर रही है। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कु चैधरी, जगेश्वर महतो, राजु प्रमाणिक, जाकीर खान, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सुनील कु महतो, राजेन्द्र महतो, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर, गौरी शंकर सिह, धनीराम, घनेनाथ, संतोष महतो, सिकंदर अंसारी, परमेश्वर महतो, विष्णु , हिमांशु शेखर चैधरी, नुतन केसरी, दुर्गा महतो, पंसस संज्योति देवी, जानकी देवी, मुखिया सीमा देवी, समाजसेवी जगेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

# सड़क हादसे में दो की मौत

बेड़ो में रोगो गांव स्थित बाइक पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो पुरनापानी लापुंग पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के रोगो गांव स्थित प्राथमिक स्कूल के समीप शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं मृतकों की पहचान रोगो गांव बेड़ो निवासी 18 वर्षीय बुधवा टाना भगत पिता सुका टाना भगत व कैरो असरो बेड़ो निवासी 18 वर्षीय संदीप टोप्पो पिता पत्रास टोप्पो के रूप में हुई है। जिन्हें स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। मृतक के स्वजनों ने बताया कि दोनों युवक जहना बाजार आये थे। साथ ही वापस अपने घर जा रहे थे। वहीं हादसे के बाद पिता इस सुका टाना भगत व भाई इंद्रजीत भगत सहित स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो थाना के एएसआई दुर्गेश कुमार सीएचसी बेड़ो पहुंचे और मामले की जानकारी लिया। वहीं बेड़ो पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। जिसे शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा।

## बाइक से गिर कर युवक घायल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** गुटुवा महता टोली निवासी 28 वर्षीय गुड्डु उरांव उर्फ धर्मबीर उरांव बाइक से गिर कर घायल हो गया। शुक्रवार शाम चोरया स्थित साप्ताहिक हाट से वह अपने बाइक से घर लौट रहा था। इसी क्रम में वह बांध के पास पुल के समीप अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। उसे मांडर स्थित रैफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया।

## वाहन की चपेट मे आने से युवक घायल

मंत्री को स्कौट करना है, बोल भाग खड़ा हुआ पीसीआर जीप

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बिरसा जैविक उद्यान के पास 6.30 बजे शाम में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दड़दाग निवासी झुबरा महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। संवाददाता ने आस पास के लोगों के साथ मिलकर घायल को उठाकर अस्पताल भिजवाया। सड़क के दुसरी ओर खड़ी पीसीआर दुर्घटना देख, मंत्री को स्कौट करना है बोल वहां से चलता बना। हद तो तब हो गयी 108 का एंबुलेंस को भी रोकने का प्रयास किया गया वो भी मौके से भाग खड़ा हुआ। इतना ही नहीं किसी मंत्री का भी काफिला दुर्घटना ग्रस्त युवक के बगल से सायरन बजाते हुए निकल गया। संवाददाता, आस-पास के लोगों के साथ घायल को अस्पताल भेजने के कारण किसी का तस्वीर भी नहीं ले पाया। घटना की खबर की जानकारी देने के लिए थाना प्रभारी को भी फोन किया गया पर उन्होंने भी फोन नहीं उठाया।

हेसल पंचायत में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए राजेश कच्छप

# जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना हीं शिविर का मुख्य उदेश्य है। पहले लोग सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाते थक जाते थे पर अब वो बात नहीं है गांव में हीं सरकारी अधिकारी पहुंच कर आपकी समस्याओं का निराकरण करने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा इसका अधिक से अधिक लाभ लेकर लोग आत्मनिर्भर बने यह सुनिश्चित राज्य सरकार कर रही है। शिविर में लाखों रूपए की परिसंपतियों का वितरण किया गया। वहीं जरूरतमंदों के बीच कंबल, धोती-साड़ी, लुंगी आदि वितरित किए गये। शिविर में प्राप्त कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया तथा लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना, पेंशन स्वीकृति सहित अन्य भू संबंधी सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर आइसीडीएस द्वारा गर्भवती माताओं के लिए गोद भराई और बच्चों की मुंहजुठी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मजदूरों को जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा बागवानी योजना, जेएसएलपीएस से बैंक लिंकेज, बाल किशोर समृद्धि योजना, सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि, हरा राशन कार्ड, अबुआ आवास, ई श्रम विभाग समेत कई विभागों से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया कविता देवी, पंसस शीला देवी, बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू, बीपीओ अवनिंद्र कुमार, बीएसओ संतोष कुमार, बीएचओ सेवा पालित, बीएओ अघुन पहान, सीडीपीओ रेणुका, बीईओ भरोसी मुंडू, ग्रामप्रधान रामनाथ करमाली, राजदेव पहान, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर, राजेन्द्र, साकीर, बरतु मुंडा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगड़ी में ऐतिहासिक 22 पड़हा जतरा का आयोजन



जतरा स्थल में आदिवासी नित्य करते खोड़हादल।



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** चेटे-पंचायत क्षेत्र कुंबाटोली में ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खुटा सांगा पड़हा जतरा सह महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया मौके पर चेटे पंचायत के दर्जनों गांवों के 60 खोड़हा के लोग आदिवासी सामाजिक, धार्मिक के साथ विधिवत पारंपरिक रीति-रिवाज जतरा स्थल में स्थित शक्ति खुंटा पूजा अर्चन के साथ साथ सरना प्रार्थना किया गया ।

मौके पर उपस्थित सभी खोड़हा दल अपना-अपना कला-सांस्कृतिक, नाच-गान, गीत गोविंद, पारंपारिक विधिवत प्रस्तुत करेंगें और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इसके पश्चात आयोजन समिति के सदस्यों ने खोड़हा दल को उत्कृष्ट पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बैठक में उपस्थित मुख्य संरक्षक सह आदिवासी सेना केंद्रीय अध्यक्ष-अजय कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि जतरा स्थल का जतरा शक्ति खुटा आदिवासियों की एकता के पहचान का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक 22 पड़हा जतरा में 56 मौजा के दर्जनों गांव के हजारों लोग शामिल होना गर्व की बात है मौके पर जतरा में झूला, ब्रेकडांस, ड्रेगन, छोटा झूला, मिठाई दुकान, बच्चों का खिलौना व घरेलू समानों के दुकान आर्कषण का केंद्र था मौके पर महोत्सव में झराखंडी आधुनिक रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के लोकप्रिय आधुनिक गायक गायिका ने एक से बढ़कर लोकगीत गाकर महोत्सव में मौजुद हजारों दर्शकों झुमने लगे। जतरा का संचालन केन्द्रीय सरना समिति-उपाध्यक्ष-मानू तिग्गा, तथा धन्यवाद ज्ञापन चेटे मुखिया मुखिया रेनु बाला मिंज ने किया। जतरा को सफल बनाने में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनारी-अशोक लोहरा, बिरसा लोहरा, विजय कच्छप, महादेव उरांव, संजय लोहरा, मदन लोहरा(पूर्व सैनिक) रवि लोहरा, विजय लिंडा व संजय लोहरा सहित हजारों लोग जतरा में शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बेड़ो वासियों के लिए हर घर नल का जल बना जी का जंजाल, नहीं बनी सड़क व पाइप

### पाइप लाइन तोड़ और सड़क खोद कर भाग गया ठेकेदार, जिम्मेदार उदासीन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में घर-घर पेयजल पहुंचाने के कार्य के दौरान की जा रही लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। पाइप लाइन बिछाने के दौरान जगह-जगह पाइप लाइनें टूट गयी हैं। जिससे व्यर्थ में पानी सड़क पर बह रहा है। वही लोगों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीण कुंए का पानी पीने को मजबूर हैं। प्रखंड मुख्यालय में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचने के लिए नल-जल योजना के तहत गांवों में पाइप लाइन बिछाने का कार्यों में ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। बेड़ो के रांची गुमला मुख्य मार्ग में खोदे गये गड्ढे से कई घरों के पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मिट्टी के नाली में गिरने के कारण पानी नहीं निकल पा रहा है। जबकि नियम के अनुसार पूर्व में जिस स्थिति में सड़क या फिर नाली थी, उसे पुनः वैसे ही बनाकर देना है, लेकिन इस ओर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण भी इन ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। खुदाई करने के कारण कई जगहों पर मिट्टी भी पूरे सड़क में फैल गयी है। वहीं क्षतिग्रस्त पाइप का पानी सड़क पर बह रहा है और सड़क में मिट्टी होने के कारण सड़क कीचड़ में तब्दील हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष भी व्याप्त है। लोगों की शिकायत पर पेयजलापूर्ति विभाग के जेई द्वारा एक सप्ताह में पाइप लाइन को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। लेकिन करीब एक सप्ताह बाद भी हालात यथावत हैं। पाइप लाइन टूटने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गयी है। लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदारों को बताने के बावजूद उन्होंने ध्यान नहीं दिया। पाइप लाइन टूटने से जलापूर्ति बाधित हो गयी। ग्रामीणों में विभाग के अधिकारियों को बताए जाने पर नयी लाइन बिछाने का भरोसा दिलाया। लेकिन कोई काम नहीं हुआ। वही जैसे ही पानी की आपूर्ति प्रारंभ होती है। टूटी पाइप लाइन से पानी बहने लगता है। इधर ग्रामीणों ने एक सप्ताह के अंदर पाइप लाइन दुरुस्त कराने की मांग की है।

### मालगो पंचायत के रायटोली में विधायक मद से अखरा का शिलान्यास किया गया



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग इंटर महाविद्यालय में शासी निकाय की बैठक व मालगो पंचायत के रायटोली में अखाड़ा का शिलान्यास विधायक ने किया। लापुंग प्रखंड के पंचायत मालगो अंतर्गत ग्राम रायटोली में विधायक मद द्वारा एक अखरा का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस कार्यक्रम मे धन कटनी के बावजूद अपने लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से रूबरू होने के लिए अधिक संख्या मे गांव के ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए। कार्यक्रम मे ग्रामीण अपने विधायक के सामने गांव की अपनी समश्या रखी, उन्होंने यथा सीघ्र समाधन करने की बात कही जिससे ग्रामीण काफी खुश हुए। विधायक इस कार्यक्रम मे आये तमाम ग्रामीणों को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तार से बतलाया और उसका लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। विधायक ठंड को बढ़ते देख गांव के बुजर्गो के बीच कंबल का वितरण किया। लापुंग इंटर महाविद्यालय मे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक मे महाविद्यालय का विकास एवं शिक्षा के विषय मे चर्चा की गयी। मौके पर कॉलेज प्रचार्या डॉ बिरसो कुमारी उरांव, शिक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जय विरस लाकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि जन्मजय पाठक, चारकु भगत, सत्यनारायण पाठक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान




**मांडर (आजाद सिपाही)।** भारथी ग्रुप ऑफ इनस्टिट्यूशन के बी०एससी० नर्सिंग और जीएनएम के छात्र-छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ब्रांबे से मुड़मा तक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को एड्स से बचने का संदेश दिया। इस रैली में छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के प्रिंसिपल निहारिका श्रीवास्तव, एनजेला गाड़ी, अदिति ज्योति दंहागा, डा० खुशबू, मो० अबदाल, प्रतिमा, सुषमा शामिल थे।

### मुख्यमंत्री ने 75 योजनाओं की रखी आधारशिला, 113 योजनाओं का उद्घाटन, 6.53 लाख लाभुकों के बीच 68.67 करोड़ की बांटी परिसंपत्ति

# झारखंड में पिछले 20 वर्षों में विकास व प्रशासन विहीन थी सरकारें : मिथिलेश

## मुख्यमंत्री के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से भाजपा विधायकों ने बनायी दूरी, मंत्रियों ने किया कटाक्ष

- 16230 हजार करोड़ रुपये खर्च कर आठ लाख लाभुकों को दिया जाएगा तीन कमरों का अबुआ आवास
- विभिन्न जिलों में लगे शिविर में उपस्थित लोगों से मुख्यमंत्री ने किया सीधा संवाद

**जयकांत शुक्ला/रामप्रकाश तिवारी**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे भाजपा के सभी विधायको पर कटाक्ष किया। कहा कि यह झामुमो, कांग्रेस, राजद या किसी भी पार्टी विशेष का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राज्य की जनता व सरकार का कार्यक्रम है। विधायकों की अनुपस्थिति दर्शाता है कि वे सकारात्मक विपक्ष की भूमिका नहीं निभा रहे हैं। उन्होंने जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि अगर विपक्ष के विधायक यहां होते तो अपने संबोधन में कार्यक्रम की कमी व फायदे को भी बताते। यदि कुछ और जोड़ना होता तो सरकार को सुझाव देते। लेकिन उन्हें जनकल्याण से कोई मतलब नहीं है। वे हर कार्यक्रम को राजनीति से जोड़कर देखते हैं। आज मुख्यमंत्री जनसमस्याओं के निदान के लिए पंचायतों में जा रहे हैं तो सत्ता के लोलुप लोगों के सीने पर सांप लोट रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने अगर जनता के लिए सोचा होता तो आज ये कार्यक्रम करने की जरूरत नहीं होती। अबतक जनता को सारे लाभ मिल चुके होते। पिछले 20 साल से झारखंड में सरकार विकास और प्रशासन विहीन था।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि जनता को उनका हक अधिकार दिलाने के लिए राज्य सरकार तत्पर है। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आमजनों से अपील भी किया कि प्रखंड एवं पंचायत में लगने वाले शिविर के बारे में आम जनमानस को बताएं, ताकि अधिक-से-अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठायें।








पलामू में छात्राओं से रू-बरू होते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करती छात्रा।

### पूर्व की सरकारों में नहीं होता था जनता का काम : सत्यानंद भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारें ऑफिस में बैठ कर समस्या सुनते थे, लेकिन निदान नहीं होता था। आज हम ऐसे मुख्यमंत्री के साथ काम कर रहे हैं, जिन्होंने राज्य की जनता के लिए काम किया है। हमारी सरकार में लगातार योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने श्रम विभाग के डाटा को भी घोषित किया। कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम जनजन का अभियान है। इसके माध्यम से सरकार गरीबों को लाभ पहुंचा रही है। प्रखंड एवं पंचायतों में आयोजित शिविर के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई जा रही है। सरकार बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बेहतर तरीके से जन-जन तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में जिले में श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा कई प्रशिक्षण केंद्र चलायें जा रहे हैं। इससे प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा योजना का लाभ : रामचंद्र सिंह

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम लेकर आयी है। इस कार्यक्रम से आमजन को लाभ हो रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री सराहना के पात्र हैं।

### जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं नगर निगम, नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर का आयोजन : डीसी

डीसी शशि रंजन ने सभी का स्वागत किया। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के सभी 21 प्रखंडों के सभी 265 पंचायत एवं नगर निगम तथा नगर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अंतिम व्यक्ति की समस्याएं सुनी जा रही है और उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### सरकार टूट जाएगी पर झुकेगी नहीं : बादल पत्रलेख

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानते-समझते हैं। फिर उसके निदान के लिए कैबिनेट में नियम बनाते हैं। हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे मुख्यमंत्री के साथ कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने किसी के लिए नहीं, पूरे समाज और सभी वर्ग के लिए फैसला लिया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू कर एक बार में 22 लाख लोगों को पेंशन देने का काम किया। आज राज्य के हर घर तक राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। उन्होंने नाम तक बताते हुए कहा कि एक परिवार में दो पीढ़ियां पेंशन पा रही हैं। केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित कर दिया। प्रधानमंत्री आवास के लिए सीएम ने दिल्ली जाकर प्रयास किया। लेकिन केंद्र ने मुंह फेर लिया। तब मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र झारखंड की जनता से मुंह फेर सकती है, मैं नहीं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की कमी को पूरा करने के लिए अबुआ आवास योजना शुरू किया। इस योजना के तहत 16230 हजार करोड़ रुपए खर्च कर आठ लाख लाभुकों को तीन कमरों का अबुआ आवास दिया जाएगा। सरकार टूट जाएगी पर झुकेगी नहीं।

### मुख्यमंत्री ने योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने 100 करोड़ 69 लाख 89 हजार रुपए की लागत से निर्मित 113 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 75 योजनाओं की आधारशिला रखी। इन योजनाओं पर करीब 104 करोड़ रुपए खर्च होंगें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच करीब 68 करोड़ 67 लाख रुपए की परिसंपत्ति बांटी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू प्रमण्डल के आईजी राजकुमार लकड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी रवि आनंद समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में लाभुक व आमजन उपस्थित थे।

## न्यूरोसर्जन डॉ अरुण कुमार देश-विदेश में बढ़ा रहे हुसैनाबाद क्षेत्र का सम्मान

- डॉ अरुण कुमार जीएससी बैंकॉक में शामिल होकर पेश करेंगें शोध पेपर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के खाप गांव निवासी न्यूरोसर्जन डॉ अरुण कुमार स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ अरुण कुमार रांची के सेंफोर्ड हॉस्पिटल में सीनियर न्यूरोसर्जन के रूप में कार्यरत हैं। ज्ञात हो कि डॉक्टर अरुण कुमार अपने कार्यकाल में कई अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। अगले वर्ष 2024 के मई महीने में डॉ अरुण कुमार ग्लोबल स्पाइन कांग्रेस, बैंकॉक में भाग लेंगे एवं अपना शोध पेपर प्रस्तुति करेंगे। विदित हो कि ग्लोबल साइंस कांग्रेस हजारों अंतरराष्ट्रीय स्पाइन सर्जनों के लिए सबसे बड़ी सभाओं में से एक है। यहां विचारों के आदान-प्रदान के साथ पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाने और रीढ़ की सर्जरी में नवीनतम शोध और प्रौद्योगिकीयो के बारे में जानने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। बताते चले कि डॉक्टर अरुण कुमार न्यूरो में 15 वर्षों से ज्यादा समय का इनका अनुभव रहा है। इस ख्याल से वह हर महीने के अंतिम रविवार को मेदिनीनगर शहर के नेशनल हेल्थ केयर सदर हॉस्पिटल रोड में अपना सेवा देते है। साथ ही वैसे मरीज जिनको न्यूरो से संबंधित बीमारी में सर्जरी की जरूरत पड़ती है उसे डॉक्टर अरुण कुमार द्वारा रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में बहुत ही कम खर्चे में उस मरीज का इलाज करते है। रांची के कोकर चौक स्थित सैमफोर्ड मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एक छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लोगों का इलाज करते है।



डॉ अरुण कुमार।

## विद्युत कार्यपालक अभियंता ने कनीय अभियंता के खिलाफ दर्ज कराया विद्युत चोरी का मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने हरिहरगंज थाना में अपने ही विभाग के कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद के खिलाफ अपने पद का दुरुपयोग कर विद्युत चोरी करने और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं इस मामले में शहरी क्षेत्र के रामपूर ग्राम निवासी उपभोक्ता शंभू कुमार को भी आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार विगत 22 नवंबर को रामपुर निवासी शंभू कुमार को विद्युत उर्जा चोरी करने के खिलाफ कनेक्शन काटते हुए हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 142 दर्ज की गई थी। पर 28 नवंबर को अनिल कुमार सिंह द्वारा मानव दिवस कर्मी नीतीश कुमार और उमेश विश्वकर्मा को शंभू कुमार का लाइन जोड़ने के लिए कहा गया। जिसे मानव दिवस कर्मियों ने इनकार कर दिया। इसके बाद कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद द्वारा उक्त कनेक्शन को जोड़ने के लिए शहरी फीडर का 11 केवीए लाईन का खुद ही शटडाउन लेकर दिया गया, जो झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के नियम के विरुद्ध है। उक्त सूचना पर कार्यपालक अभियंता द्वारा टीम गठित कर मामले की जांच करने पर सत्य पाया गया। जांच के दौरान कार्यपालक अभियंता के अलावा मानव दिवस कर्मी नीतीश कुमार, सहनोद आलम, रोहित कुमार, बृजेंद्र पासवान, रियाजुद्दीन अंसारी, उमेश विश्वकर्मा, जावेद आलम, अजय कुमार मेहता, साजन कुमार, कुशल श्रमिक सुरेश मेहता और पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।



### महत्वपूर्ण न्यूज

### खड़गपुर की मुखिया से मुख्यमंत्री ने किया संवाद



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** खड़गपुर पंचायत सचिवालय स्थित्त मैदान में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लाइव प्रसारण के दौरान मुखिया काजल कुमारी से संवाद किया। इस दौरान छत्तरपुर अनुमंडल से लेकर हरिहरगंज प्रखण्ड व अंचल के सभी पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी सह बीडीओ रवि कुमार, छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा अंचल अधिकारी यामुन रविदास, कार्यपालक पदाधिकारी सह सीडीपीओ कामेश्वर बेदिया, समजेसवी सतेन्द्र मेहता आदि मौजूद थे।

### जनता के पैसे से निजी व्यक्ति के नाम पर तोरण द्वार बनाना सरासर गलत: विनोद

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से हमें जानकारी मिली कि बेनी खुर्द गांव के समीप मान खाप मोड पर तोरण द्वार का निर्माण किया जा रहा है। पर तोरण द्वार का नाम किसी निजी व्यक्ति के नाम पर रखना यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि यह नियम संगत नहीं है। जनता के पैसे का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी निजी आदमी के नाम पर तोरण द्वार बनाकर जनता को केवल भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। पूर्व में कई तोरण द्वार का शिलान्यास किया गया पर अब तक बनकर तैयार नहीं हुआ। आपने देखा होगा कि कमगारपुर में अभी तक तोरण द्वार अधूरा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ जनता को दिग्भ्रमित कर विकास का ढिंढोरा पिटने जैसा है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आंख की जांच कराने पहुंची वृद्धा की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को आंख की जांच कराने आयी 67 वर्षीय एक वृद्ध महिला की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतका की पहचान राधिका देवी के रूप में हुई है। मृतका हैदरनगर थाना क्षेत्र के सड़ेया गांव निवासी रामगुलाम राम की पत्नी हैं। बताया जा रहा कि वह दोपहर में स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जिला अंधापन नियंत्रण समिति व दंगवार राधालक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर में आंखों की जांच कराने आई थी। जो अचानक गिरकर बेहोश हो गई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जपला मुख्य डाकघर में उप डाकपाल को दी गयी विदाइ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर उप डाकपाल विक्रम कुमार को विदाई दी गई । मालूम हो कि विगत फरवरी महीने में डाक विभाग द्वारा डाक निरीक्षक पद के लिये आयोजित परीक्षा में विक्रम कुमार उतीर्ण हुए थे। उनका डाक निरीक्षक के पद पर बरही में योगदान करने का पत्र प्राप्त होते ही उन्हें उप डाकपाल के पद से विरमित कर दिया गया। उन्होंने अपना प्रभार रंजीत कुमार को दिया। इस उपलक्ष्य में डाक कर्मियों एवं अभिकर्ताओं ने एक समारोह आयोजित कर उन्हें बुके देकर विदाई दी गई। इस मौके पर डाक निरीक्षक सुमन कुमार सामंता व अरविंद कुमार ओझाने कहा कि विक्रम जी का कार्यकाल सराहनीय रहा है। देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि विक्रम जी अपने कार्यकाल में अपनी मेहनत व लग्न से हमेशा उच्च पद प्राप्त करें। मौके पर डाकघर के सभी अभकर्ता-कर्मी उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



डोमिनिका टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के मैचों की मेजबानी नहीं करेगा। डोमिनिका सरकार ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले प्रैक्टिस और मैच वैन्यू पर काम पूरा करने में देश की असमर्थता बताते हुए यह निर्णय लिया है।

### क्रिकेट इतिहास में पहली बार अमेरिका को भी मेजबानी

## डोमिनिका टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी से हटा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** डोमिनिका टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के मैचों की मेजबानी नहीं करेगा। क्रिकइंफो के मुताबिक डोमिनिका सरकार ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले प्रैक्टिस और मैच वेन्यू पर काम पूरा करने में देश की असमर्थता बताते हुए यह निर्णय लिया। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 चार से 30 जून तक खेला जाएगा। अमेरिका और वेस्टइंडीज के 10 शहरों में 27 दिन तक 20 टीमों के बीच 55 मैच होंगे। शुरूआत में डोमिनिका को वेस्टइंडीज के छह अन्य देशों के साथ टूर्नामेंट के लिए होस्ट वेन्यू के रूप में चुना गया था। ये छह देश एंटीगुआ और बारबुडा, बारबाडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, और त्रिनिदाद और टोबैगो हैं। इसके अलावा आइसीसी ने अमेरिका के 3 शहरों के नाम फाइनल किए हैं जहां पर टी-20 वर्ल्ड कप के मैचों का आयोजन होगा। उसमें न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास शामिल हैं।



### 5-5 टीमों के चार ग्रुप बांटे जाएंगे

20 टीमों को 5-5 टीमों के 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप स्टेज में 40 मैच होंगे। सभी ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 स्टेज में पहुंचेंगी, इस स्टेज में 12 मैच होंगे। सुपर-8 की भी 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में क्वालिफाई करेंगी। सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच 30 जून 2024 को टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। दो सेमीफाइनल, एक फाइनल और 52 ग्रुप स्टेज मैच मिलाकर टूर्नामेंट में 27 दिन के अंदर कुल 55 मैच खेले जाएंगे। गौरतलब हो कि 2021 और 2022 में खेले गए पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में 16-16 टीमें थीं। 8 में से 4 टीमें क्वालिफायर खेलकर सुपर-12 स्टेज का हिस्सा बनती थीं। दोनों टूर्नामेंट में 45-45 मैच हुए थे। 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट में अब पहली बार 20 टीमें शामिल होंगी और टूर्नामेंट में पहली बार 50 से ज्यादा मैच होंगे। 2007 में भारत ने पहला खिताब जीता था, 2022 में इंग्लैंड टीम पिछली बार चैंपियन बनी थी।

### अमेरिका में वर्ल्ड कप कराने के 2 अहम कारण

अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप कराने के पीछे आइसीसी के दो अहम कारण हैं। **पहला:** नॉर्थ अमेरिका में क्रिकेट तेजी से फैल रहा है। यहां मजबूत पकड़ बनाने के लिए क्ळउ ने यह कदम उठाया। **दूसरा:** 2028 के लॉस एंजिल्स ओलिंपिक गेम्स में क्ळउ क्रिकेट को शामिल करवाना चाहता है। अगर अमेरिका में वर्ल्ड कप हुआ तो ओलिंपिक में क्रिकेट शामिल किए जाने की उम्मीदें भी बढ़ जाएंगी। क्ळउ ने ओलिंपिक कमेटी को ऑफिशियल प्रेजेंटेशन भी दिखाई है। जिस पर ओलिंपिक कमेटी इस साल के अंत तक फैसला लेगी।

### आगरा जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में जीते पलामू के 17 खिलाड़ी सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** आगरा नेशनल चैंपियनशिप में जीते पलामू के 17 खिलाड़ियों को शुक्रवार को समानित किया गया। गौरतलब हो कि पलामू के 17 जुडो खिलाड़ियों ने आगरा में आयोजित जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में दो स्वर्ण, 10 रजत और पांच कास्य पदक अपने नाम किया है। इस जीत की खुशी में माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बधाई दी। इसके अलावा झारखंड पीएस एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी को भी सम्मानित किया गया।

### कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर के स्थानांतरण पर दी गयी विदाई

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया के सम्मान में शुक्रवार को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो की कामेश्वर बेदिया का स्थानांतरण सिंहभूम जिले के मंजारी प्रखण्ड में बीडीओ के पद हुआ है। मौके पर प्रशिक्षु आईएस सह बीडीओ रवि कुमार ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदीया ने निर्विवाद सराहनीय और प्रशंसनीय कार्य बहुत कम समय में किए। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और सदाचारी और सराहनीय कार्यो के लिए सदैव याद किए जाएंगे। वे सभी लोगों से मिल कर कार्य करते थे। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा कामेश्वर बेदीया को अंग वस्त्र,पुष्प गुच्छ देकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई । इस अवसर पर सिटी मैनेजर अजमल हुसैन, सीएलटीसी संजय राणा, सामुदायिक संगठन करता विचित्रा कुमारी, टीएल रविंद्र कुमार, टीसी आनंद मोहन सिंह आदि मौजूद थे।

# ओड़िशा में पारादीप पोर्ट से जब्त हुई 220 करोड़ रुपये की कोकीन

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलो कोकीन की कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा।** में नशीली दवाओं की सबसे बड़ी खेप पकड़ी गयी है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को जगतसिंहपुर जिले के पारादीप बंदरगाह पर एक कंटेनर जहाज से 22 किलोग्राम कोकीन जब्त की। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 220 करोड़ रुपये है। सीमा शुल्क सूत्रों ने बताया कि मालवाहक जहाज गुरुवार रात इंडोनेशिया से पारादीप पहुंचा और डेनमार्क के लिए प्रस्थान करने वाला था। गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि को, भुवनेश्वर में सीमा शुल्क विंग को जहाज में दवाओं की तस्करी के बारे में एक खुफिया सूचना मिली। कस्टम सूत्रों ने कहा कि हम पारादीप पहुंचे, जहाज को रोका और तलाशी ली। जहाज पर क्रेन के ऊपरी हिस्से में मैग्नेट से कम से कम 22 पॉलिथीन से ढके पैकेट चिपके हुए पाये गये, जो डेक से स्पष्ट रूप से दिखायी नहीं दे रहे थे। पैकेटों को जब्त करने के बाद हमें उनके अंदर लगभग 22 किलोग्राम हाई क्वालिटी कोकीन मिली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलो कोकीन की कीमत कम से कम 10 करोड़ रुपये है।

हालांकि, एजेंसी अभी तक तस्कर का पता नहीं लगा पाई है। जहाज में लगभग 25 चालक दल के सदस्य हैं। उन्होंने कहा, हमें पूरा संदेह है कि चालक दल के सदस्यों में से एक ने ही इस ड्रग्स की तस्करी करने की कोशिश की होगी। चूंकि जहाज को किसी अन्य भारतीय बंदरगाह पर नहीं रुकना था, इसलिए हमें संदेह है कि खेप विदेश से पहुंचायी गयी होगी। ऐसा लगता है कि यह ड्रग भारतीय बाजार में सप्लाई के लिए नहीं थी। कस्टम विभाग ने ओड़िशा पुलिस के खोजी कुत्तों की मदद से जहाज की गहनता से तलाशी शुरू कर दी है।

अधिकारियों ने कहा कि चालक दल के सभी सदस्यों से पूछताछ की जायेगी और उन्हें तुरंत देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी। पुलिस, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क और राजस्व खुफिया निदेशालय जैसी विभिन्न एजेंसियां राज्य में नियमित अंतराल पर ब्राउन शुगर और गांजा जब्त करती रही हैं। 13 अप्रैल, 2022 को ओड़िशा में पहली बार, राज्य अपराध शाखा के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने भुवनेश्वर में जेवियर स्क्वायर के पास राजस्थान के दो तस्करों से लगभग 20 लाख रुपये मूल्य की 202 ग्राम कोकीन जब्त की।

# मुझे बहुत खुशी है कि आप सभी सुरक्षित वापस आ गये: मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** उत्तराखंड सुरंग से बचाये गये उड़िया श्रमिक आज भुवनेश्वर पहुंचे और नवीन निवास में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने मुख्यमंत्री को उनकी सहानुभूति के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि वे सभी ठीक हैं।

**मुख्यमंत्री ने प्रत्येक श्रमिक को 2 लाख रुपये दिये :** मुख्यमंत्री ने उनसे सुरंग के अंदर उनके संघर्षपूर्ण जीवन के बारे में भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सचमुच हीरो हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से उन्होंने अपने जीवन के लिए संघर्ष किया और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए जीत हासिल की वह वास्तव में प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री से मिलने वाले श्रमिक है मयूरभंज से राजू नायक, धीरेन नायक और बिशेश्वर नायक और नबरंगपुर से भगवान भत्रा शामिल थे। उनके साथ उनके परिवार भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि बीके पांडियन ने कल उनसे वीडियो कलिंग के माध्यम से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। इस बैठक के दौरान श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक उपस्थित थे। मंत्री नायक उनके बचाव कार्यों पर नजर रखने के लिए उत्तराखंड गये थे और सभी को लेकर ओड़िशा लौट आये। इस अवसर पर श्रम आयुक्त भी उपस्थित थे ।

# सड़क हादसे में 8 की मौत, 12 घायल

- मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को तीन-तीन लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा की, घायलों के समुचित उपचार के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शुक्रवार को घटगांव के पास एक सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गयी। सभी मृतक गंजाम जिले के रहनेवाले हैं। इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 3-3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने 12 घायल लोगों को निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

बता दें कि शुक्रवार को सुबह दिगपंहडी से 19 लोग टेंपो ट्राभलर में बैठ कर क्योंझर मां तारीणी के दर्शन करने जा रहे थे, लेकिन टेंपो ट्राभलर ने बालियोड़ी के पास खड़े एक ट्रक के पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक की अस्पताल में मौत हो गयी। इस दुर्घटना में 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

# अशोक मिश्र पूर्व तट रेलवे के नये मुख्य जनसंपर्क अधिकारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सेवा (आइआरएसइइ) के 2011 बैच के अधिकारी अशोक कुमार मिश्र ने पूर्व तट रेलवे के नए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) के रूप में कार्यभार संभाला है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, श्री मिश्र पूर्व तट रेलवे के उप महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

# बिहार: बंदूक की नोक पर पकड़ौआ विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हाजीपुर।** बिहार में एक नवनियुक्त सरकारी शिक्षक का बुधवार को उसके स्कूल से अपहरण कर के कथित तौर पर बंदूक की नोक पर एक महिला से पकड़ौआ विवाह करवाने का मामला सामने आया है। गुरुवार को पुलिस द्वारा शिक्षक का पता लाने के बाद महिला के पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला बिहार के वैशाली जिले का है। जहां पर बुधवार को गौतम कुमार नामक व्यक्ति जिन्होंने हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और पातेपुर के रेपुरा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्त हुए थे कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था। चार पहिया वाहन से तीन-चार लोग स्कूल पहुंचे और कुमार को जबरन अपने साथ ले गये।

जानकारी के अनुसार गौतम कुमार को पकड़ने के लिए 5 से 6 लोग स्कॉर्पियो लेकर स्कूल के क्लासरूम में स्ट्रेंथ वाले अंदाज में आए और शिक्षक को पीटते हुए ले गये। कुमार के परिवार ने बुधवार की रात महुआ-ताजपुर सड़क को अवरुद्ध करके विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पातेपुर पुलिस ने शिक्षक की तलाश शुरू की और गुरुवार को उसे ढूंढ लिया। महेया मालपुर गांव के रहने वाले कुमार ने पुलिस को जानकारी दी कि उसकी शादी रेपुरा गांव के राकेश राय की बेटी से जबरन करायी गयी थी। पुलिस ने कहा कि कुमार ने कहा कि यह शादी उन्हें स्वीकार्य नहीं है और उन्होंने हाल ही में पटना उच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया, जिसमें नवादा के एक सैन्यकर्मी की लखीसराय की लड़की के साथ 10 साल पुरानी जबरन शादी को खारिज कर दिया गया था।

# पीएम मोदी ने भारत की मेजबानी में अगला सम्मेलन आयोजित कराने का प्रस्ताव रखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन सीओपी28 की उच्च-स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्बन उत्सर्जन घटाने और भारत की मेजबानी में आयोजन का प्रस्ताव भी रखा। बता दें कि सीओपी28 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्षता में 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक हो रहा है। सीओपी28 समिट में अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में 45 फीसद की कमी लाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने भारत की मेजबानी में अगला सम्मेलन आयोजित कराने का प्रस्ताव भी रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के बीच हमें सफल होना ही होगा। उन्होंने ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव की भी वकालत की। पीएम मोदी ने कहा कि 2030 तक कार्बन उत्सर्जन घटाने पर तत्परता से काम किये जाने की जरूरत है। पीएम मोदी ने यूएई और भारत के रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों की साझेदारी आने वाले दिनों में अहम भूमिका निभायेगी।

## न्यूज रील्स

### आधुनिकीकरण कार्य के कारण दो ट्रेनें प्रभावित



**भुवनेश्वर।** नौपड़ा- गुनुपुर रेलवे खंड में तत्काल ट्रैक रखरखाव और अन्य सुरक्षा संबंधी कार्यों को देखते हुए दिसंबर में प्रत्येक बुधवार और रविवार को एक जोड़ी ट्रेनों को रद्द करने और दूसरी जोड़ी ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने का निर्णय लिया गया है। 08522/08521 विशाखापत्तनम-गुनुपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर स्पेशल दिसंबर 2023 में बुधवार और रविवार को रद्द रहेगी। 18117/18118 राउरकेला-गुनुपुर-राउरकेला राज्यरानी एक्सप्रेस राउरकेला से मंगलवार और शनिवार को और गुनुपुर से रविवार और बुधवार को दिसंबर 2023 में राउरकेला और पलासा के बीच चलेगी और दोनों दिशाओं से पलासा और गुनुपुर के बीच रद्द रहेगी।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**